हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 22 फरवरी 2026



# फोर्टिफाइड के चक्कर में गोदाम खाली, दो माह की बजाए मिल रहा फरवरी का चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

राज्य शासन द्वारा पीडीएस सिस्टम के तहत इस माह फरवरी और मार्च माह का चावल एकमुश्त दिए जाने के आदेश जारी किए गए हैं, लेकिन अविभाजित जिले में नान के गोदामों में पर्याप्त भंडारण नहीं होने के चलते उपभोक्ताओं को सिर्फ एक माह का चावल ही दिया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा फोर्टिफाइड राईस के टेंडर प्रक्रिया में किए गए विलंब के चलते राईस मिलर्स चाहकर भी नान के गोदामों में चावल जमा नहीं कर पा रहे हैं। इस चावल संकट के बीच नॉन और खाद्य महकमे के अफसरों को अच्छी खासी मशक्कत भी करनी पड़ रही है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत इस बार दो माह का राशन एकमुश्त देने के आदेश जारी किए हैं। पिछले जनवरी माह से नान और खाद्य महकमे के अफसर इसकी तैयारियों में जुटे रहे, लेकिन नॉन के गोदाम खाली होने के चलते राशन दुकानों में चावल की सप्लाई नहीं हो पा रही है। सूत्रों ने बताया कि पिछले साल जिन राईस मिलर्स ने चावल जमा नहीं किया था, प्रशासन ने उन्हें नान के गोदाम में चावल जमा करने के निर्देश दिए थे। बताया जाता है कि राईस मिलर्स के पास फोर्टिफाइड राईस नहीं है। जिसके कारण भंडारण में दिक्कतें सामने आ रही है। सूत्रों ने बताया कि राज्य शासन द्वारा इस साल फोर्टिफाइड राईस के टेंडर प्रक्रिया में काफी विलंब किया गया है। जनवरी माह के आखिरी दिनों में टेंडर फाइनल हुआ है, जिन कंपनियों ने फोर्टिफाइड राईस की सप्लाई का ठेका लिया है, वे अविभाजित जिलों में सप्लाई नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि नॉर्मल चावल में फोर्टिफाइड राईस को मिलाने का काम अटका पड़ा है। बताया जाता है कि यही कारण है कि मिलर्स नान के गोदामों में चावल की सप्लाई नहीं कर पा रहे हैं। इन दिक्कतों के बीच उपभोक्ताओं को राशन दुकानों से सिर्फ एक माह का राशन ही दिया जा रहा है।

## फरवरी में एक साथ दो महीने का देना था राशन, स्टॉक नहीं होने से आ रही दिक्कतें

### नहीं बंट पा रहा राशन

अविभाजित जिले में सर्वाधिक खराब स्थिति मोहला-मानपुर-चौकी जिले की है, जहां उपभोक्ताओं को एक माह का राशन भी नहीं मिल पा रहा है। बताया जाता है कि नान के पास चावल नहीं होने के चलते वहां की राशन दुकानों में पर्याप्त सप्लाई ही नहीं की गई है। यही हाल खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले का है, जहां काफी दिक्कतों के बीच चावल की सप्लाई अभी की गई है। इसका वितरण अब शुरू होगा। इधर राजनांदगांव जिले में दो माह की बजाए सिर्फ एक माह का ही चावल दिया गया है।



### रूट के नए सिस्टम से परेशानी

राज्य शासन ने इस बार चावल जमा करने के रूट निर्धारण को लेकर एक नया ऑनलाइन सिस्टम शुरू किया है। इस सिस्टम के तहत राईस मिलर्स को नान के एक एक गोदाम से जोड़ दिया गया है। सिस्टम के तहत यदि गोदाम में भंडारण की क्षमता पूरी हो जाती है तो मिलर्स 15 दिनों तक उस गोदाम में चावल जमा नहीं कर सकता। सिस्टम के कारण नान के अफसर चाहकर भी खाली पड़े दूसरे गोदामों में चावल का भंडारण नहीं करा पा रहे हैं। जिससे अच्छी खासी परेशानी हो रही है।

### राशन दुकानदार परेशान

दो माह का एकमुश्त चावल देने के आदेश के बीच राशन दुकान पहुंच रहे उपभोक्ताओं को वापस लौटना पड़ रहा है। अविभाजित जिले के राशन दुकानदारों का कहना है कि पर्याप्त चावल नहीं होने के बाद भी इस तरह का आदेश जारी किए जाने से उपभोक्ताओं के साथ विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही है।

## 21 फरवरी को एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

# एसआईआरः 55 हजार वोटर्स हटे, 12227 नए जुड़े, अब चार विस में 792482 मतदाता

## कल से फिर दस्तावेज प्रस्तुत कर नाम जुड़वा सकेंगे नए मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चार महीने तक चली एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद शनिवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। जिले की चार विधानसभा में अब मतदाताओं की संख्या 792482 हो गई है। एसआईआर के दौरान करीब 55 हजार मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। हालांकि इस दौरान 12227 नए मतदाता भी जुड़े हैं। ज्ञात हो कि एसआईआर के पहले जिले में कुल वोटर्स की संख्या 835910 थी। वहीं अब जिले में महिला वोटर्स से अधिक पुरूष मतदाताओं की संख्या हो गई है।

शनिवार को जिला प्रशासन द्वारा जारी की गई अंतिम मतदाता सूची के अनुसार जिले की चार विधानसभा में कुल 792482 मतदाता पंजीकृत हैं। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद चार विधानसभा क्षेत्रों में 12277 मतदाताओं की वृद्धि हुई।

उल्लेखनीय है कि 18 नवंबर से शुरू हुई एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान पिछले चार महीने में कुल 1006 बीएलओ ने घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किया और मतदाताओं के मिलान और मैपिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के लिए 4 निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 71 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 1075 बीएलओ और 1671 बीएलए सहित कई स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही है। कुल 835910 मतदाताओं में से 780205 मतदाताओं से गणना फॉर्म प्राप्त हुए। जिनका पूर्ण रूप डिजिटाइज्ड से किया गया। बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा निरंतर घर-घर जाकर सर्वे किया गया। जिसमें मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित और दो स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान की गई।



### केसीजी में 465 और एमएमसी में 247 मतदाताओं के नाम हटे

केसीजी जिले में एसआईआर के बाद अब प्रारंभिक मतदाता सूची 211925 वोटर थे। यहां 465 मतदाताओं के नाम हटाए गए। वहीं 5440 नाम जोड़े गए है, जिसके बाद अब अंतिम सूची में मतदाताओं का आंकड़ा 216900 तक पहुंच गया है। वहीं एमएमसी जिले में प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन पश्चात कुल 156845 मतदाता थे, यहां 2082 वोटस के नाम जोड़े गए और 247 के नाम हटाए गए। जिसके बाद अंतिम सूची के तहत इस जिले में 156680 मतदाता शेष रह गए है।

### 15 हजार मतदाता मृत

4 महीने तक चली एसआईआर प्रक्रिया के बाद 21 फरवरी 2026 को राज्य की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई। ड्राफ्ट से पहले जिले में कुल 835910 मतदाता थे। इनमें 780205 मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा किए गए, इनमें 15502 मृत, 37188 मतदाताओं ने अपने नाम दूसरे विस में जुड़वाया और 3015 मतदाताओ के नाम दो विस में पाए गए। जिसके बाद जारी की गई प्रारंभिक मतदाता सूची में जिले में 780205 मतदाता के नाम शामिल किए गए थे।

### नाम जोड़ने 14430 आवेदन

ज्ञात हो कि 23 दिसंबर 2025 को एसआईआर के तहत प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही नाम जोड़ने, नाम हटवाने एवं संशोधन के लिए फार्म लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। जिले में इस दौरान कुल 14430 आवेदन नाम जोड़ने, 2153 आवेदन नाम काटने एवं 4749 आवेदन संशोधन के लिए आए थे।

### डोंगरगढ़ में सर्वाधिक, खुज्जी में सबसे कम वोटर्स

एसआईआर प्रक्रिया के बाद जारी की गई मतदाता सूची के अनुसार जिले की डोंगरगढ़ विधानसभा सीट में सर्वाधिक 204537 मतदाता हैं। इनमें 103640 पुरूष एवं 100896 महिला मतदाता शामिल हैं। वहीं खुज्जी विस में सबसे कम 186890 वोटर्स हैं। इनमें 93285 पुरूष व 92363 महिला मतदाता हैं। राजनांदगांव विस में कुल 201500 मतदाता, जिनमें 99271 पुरूष एवं 102227 महिला वोटर हैं। डोंगरगांव विस में कुल 199555 मतदाता, जिनमें 100700 पुरूष एवं 98853 महिला वोटर्स हैं। जिले की खुज्जी एवं राजनांदगांव विस में महिला एवं डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव विस में पुरूष मतदाता अधिक हैं।

### अपना नाम ऑनलाइन देख पाएंगे मतदाता

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सभी मतदान केंद्रों और निर्धारित स्थानों पर किया गया है। इसके अलावा यह सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है, जहां मतदाता अपने विवरण की जांच कर सकते हैं। वहीं हर जिले में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अंतिम मतदाता सूची की दो प्रतियां एक फोटोयुक्त प्रिंटेड और एक बिना फोटो सॉफ्ट कॉपी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है। एसआईआर के दौरान प्राप्त नवीनतम फोटो भी सूची में अपडेट किए गए हैं।

**दावा-आपत्तियों का दिया समय** : गणना प्रपत्र जमा किए जाने के बाद प्रारंभिक प्रकाशन पश्चात 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 के बीच नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए दावे-आपत्तियां ली गई। सभी आवेदनों का निराकरण 14 फरवरी 2026 तक कर लिया गया, जिन मतदाताओं के फॉर्म वापस नहीं मिले, उनकी विधानसभावार सूची आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की गई। जिले में कुल 262267 मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने कहा गया था। जिसमें से अंतिम अवधि से पहले तक 261808 ने दस्तावेज जमा किए। इन मतदाताओं का नाम अंतिम सूची में जोड़ दिया गया। वहीं 459 मतदाताओं के नाम हटाए गए।

# परीक्षा का दौरः डीजे का शोर मचाने पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अधिक शोर से डीजे बजाने के मामले में केसीसी पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ छग कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई कर डीजे साऊंड सिस्टम एवं वाहन को जब्त किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर केसीसी जिले में थाना क्षेत्रों में अधिक शोर से डीजे बजाने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई करने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस ने कार्रवाई अभियान छेड़ा है। जिसके तहत पुलिस टीम केसीजी द्वारा थाना छुईखदान क्षेत्रांतर्गत 11 फरवरी को आरोपी चंद्रशेखर विदान 35 साल निवासी खैरागढ़ के विरूद्ध धारा छग कोलाहल अधिनियम की धारा 4, 15 के तहत कार्रवाई कर डीजे साउंड सिस्टम और डीआई वाहन जब्त किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार इन दिनों 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाएं चल रही है। जिसके मद्देनजर अधिक शोर में डीजे बजाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। शिकायत मिलने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### परीक्षाओं के मद्देनजर कार्रवाई अभियान

इसी तरह 18 फरवरी को आरोपी भोला जंघेल 22 साल निवासी भुलाटोला थाना छुईखदान के विरूद्ध धारा छग कोलाहल अधिनियम की धारा 4, 15 के तहत कार्रवाई कर डीजे साउंड सिस्टम और पिकअप वाहन जब्त किया गया तथा थाना गंडई क्षेत्रांतर्गत 18 फरवरी को आरोपी विशाल नारबोदे 23 साल निवासी टेमनी थाना लांझी जिला बालाघाट के विरूद्ध धारा छग कोलाहल अधिनियम की धारा 4, 15 के तहत कार्रवाई कर डीजे साउंड सिस्टम और वाहन आईचर जब्त कर न्यायालय में पेश किया गया।

# तीन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




वाद-विवाद करने के मामले में चिखली चौकी पुलिस ने तीन आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने चलाए जा रहे सतत अभियान के तारतम्य में 20 फरवरी को चौकी चिखली क्षेत्र के नागेश खंदाड़े 22 साल रामनगर, अरमान डोंगरे 22 साल रामनगर काई तालाब के नीचे एवं अमित यादव 29 साल मोतीपुर रामनगर द्वारा वाद-विवाद करने पर तीनों के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

# दो दिन बेमौसम बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बढ़ती गर्मी के बीच अब मौसम विभाग ने अंचल में कल और 24 फरवरी को बेमौसम बारिश की आशंका जताई है। मौसम विभाग के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे भारतीय भूमध्य रेखीय सागर के ऊपर स्थित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे भारतीय भूमध्य रेखीय सागर के ऊपर रहने की संभावना है। इसके प्रभाव से प्रदेश में नमी का आगमन हो रहा है जिसके कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुआ है। न्यूनतम तापमान में कोई परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं 23 और 24 फरवरी को हल्की बारिश हो सकती है।






## खबर संक्षेप



### शुल्क वृद्धि के लिए सौंपा ज्ञापन

**अंबागढ़ चौकी।** लोक सेवा केन्द्र एवं ई-डिस्ट्रिक्ट संचालको ने शुल्क दर वृद्धि की मांग करते हुए कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि वह 2015 से एक ही शुल्क 30 रूपए में काम कर रहे हैं जिससे उन्हे आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बीते 10 वर्षों में प्रिंटर, टोनर, रिफलिंग एवं स्टेशनरी सहित अन्य सामानों के दाम बढ़ गए है, लेकिन समस्त ई-डिस्ट्रिक्ट संचालनकर्ता 2015 से एक ही शुल्क में काम करते आ रहे है। उन्होंने ज्ञापन सौंप कर शुल्क दर वृद्धि करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान देवीलाल निषाद, आशीष मेश्राम, योगिता साहू, महेन्द्र कुमार, हिम्मत सहित अन्य उपस्थित थे।

### परीक्षा केन्द्र बदला, परिजनों की बढ़ी दिक्कत

**डोंगरगढ़।** परीक्षा में पारदर्शिता को



ध्यान में रखते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10 की परीक्षा के सेंटर को बदल दिया है। खालसा स्कूल के छात्र छात्राओं का परीक्षा केन्द्र शहर से 2 किमी दूर संचालित नवोदय विद्यालय तय किया गया है। इस परीक्षा केन्द्र में सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्था की है किन्तु बच्चों को परीक्षा केन्द्र तक छोडने जाने वाले पालकों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल तक जानेवाले मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है साथ वाहनों की पार्किंग का प्रबंध नहीं है। गेट के बाहर परिजनों को धूप में घंटो इंतजार करना पड रहा है। परिजनों ने बताया कि नवोदय विद्यालय के आसपास किसानों की जमीन होने के कारण वहां वाहन खडे करने की जगह नही है। परिजनों के रूकने बैठने और पेयजल की व्यवस्था नहीं की गई है।

## अधूरे कार्यों की ओर ध्यान नहीं, लोगों में नाराजगी

# नेताओं के विवाद में फंसा विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर के पुराने और अधूरे कामों को पूरा कराने के लिए नगर पालिका अधिकारी गंभीर नजर नही आ रहे है। साल भर में स्वीकृत कार्यों को तेजी से पूरा कराया गया है जिसे भाजपा के प्रतिनिध अपनी सरकार की उपलब्धि के तौर पर पेश कर रहे हैं वही 2 साल पुराने कार्यों के अधूरे रहने और बदती गई अनियमितता का दरकिनार कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने 15 मुद्दों को उठाते हुए आंदोलन किया था। प्रदर्शन के बाद अनुविभागीय अधिकारी एम भार्गव ने शिकायत के आधार पर जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया था जो अब तक ठंडे बस्ते में है। इन दिनों नगर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है जिसे नगर पालिका अधिकारी झांकते तक नहीं है। इसी प्रकार ठेठवार पारा की डामर सडक अधूरी पड़ी है।



### होली के पहले निर्माण

सीएमओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ठेकेदार, पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षद से चर्चा की और जनहित में निर्माण कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही। सभी पक्षों ने सहमति जताते हुए त्यौहार से पहले निर्माण पूरा कराने का आश्वासन दिया।

### नेता आरोप प्रत्यारोप में व्यस्त

राजनीतिक खींचतान के चलते शहर में विकास ठप्प है जिसे लेकर लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। ठेठवार पारा की अधूरी सड़क को लेकर बुधवार को बड़ी संख्या में लोग नगर पालिका पहुंचे। उन्होंने सीएमओ खिलेंद्र भोई से मुलाकात कर सड़क निर्माण जल्द कराने की मांग की। वार्डवासियों ने बताया कि डामर रोड के कार्य को ठेकेदार ने अधूरा छोड़ दिया है। उनका आरोप है कि पूर्व कांग्रेस पार्षद और वर्तमान भाजपा पार्षद के बीच खींचतान के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है। लोगों का कहना है कि ठेकेदार काम पूरा करने का आश्वासन दे रहा है, लेकिन जनप्रतिनिधियों के विवाद के चलते काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

## जज बनकर गंडई पहुंचे करण का आतिशी स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई नगर पंचायत के अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो के सुपुत्र करण शाह खुसरो ने सिविल जज की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। जज बनने के बाद पहली बार नगर आगमन पर क्षेत्रवासियों ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया।

परीक्षा में सफलता हासिल करने के बाद श्री खुसरो के तिरंगा चौक पहुंचने पर मौजूद जनसैलाब ने उन्हें फूलों के हार से लाद दिया। जमकर आतिशबाजी की गई। नारों के बीच युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। स्वागत के पश्चात करण ने प्रसिद्ध मां गंगई मंदिर पहुंचकर दर्शन किया। श्रीराम मंदिर में दर्शन करने बाद अपने निवास पहुंचे।

### कड़ी मेहनत का सुखद परिणाम

अपनी इस उपलब्धि का श्रेय करण ने कड़ी मेहनत, माता-पिता के आशीर्वाद और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने कहा कि लगन और समर्पण से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उनकी इस कामयाबी को क्षेत्र के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है।

### न्याय करने वाला राज परिवार

कहा जाता है कि समय की पुनरावृत्ति होती है यह कहावत गंडई में चरितार्थ हुई है। करण शाह खुशरो के सिविल जज बनने पर पिता ने भावुक होकर बताया कि जब राजशाही का दौर था तब राज परिवार जनता का न्याय करता था अब जब बेटा जज बनकर न्याय करेगा। करण की इस सफलता से नगर सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उन्हे मन्नू चंदेल, रणजीतसिंह चंदेल, साकेत दुबे, योगेंद्र सिंह ठाकुर, शैलेंद्र जायसवाल, दिलीप ओगरे, क्रांति ताम्रकार, तामेश्वर साहू, हेमलता ठाकुर, बाकेलाल वर्मा, मोहसिन खान, नारायण चतुर्वेदी, भिगेश यादव, परवेज खान, फिरोज मेमन, अमित टंडन, रिंकू यादव, शिवचरण खुसरो सहित अन्य ने बधाई दी है।

## कॉलेज की छात्राओं को दी स्वास्थ्यगत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में शनिवार को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ तसरीम खान ने मासिक धर्म के दौरान होने वाली तकलीफों के घरेलू उपचार के बारे में बताया।

उन्होंने अलसी और कुम्हड़े के बीज के सेवन से इस तकलीफ से कैसे बचा जाए के संदर्भ में अवगत कराया। डॉ अंजलि कैथोलिया ने युवाओं में अवसाद एवं अन्य मानसिक बीमारियों से ग्रसित युवाओं को एडिक्शन सेंटर से जुड़ने का सुझाव दिया। डॉ चमेश्वरी ठाकुर ने स्वस्थ जीवन के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता पर जोर दिया। आईएफसी चैरिटेबल ट्रस्ट की गीता साहू ने मासिक धर्म से जुड़ी जानकारी दी। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी, कंचन साहू, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, हिमानी साहू, संध्या गवरे उपस्थित थी।



## मुख्यमंत्री सड़क योजना का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत बनी मचानपार से खैरी तक लगभग 1 किलोमीटर लंबी सड़क में 100 से अधिक गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 15 वर्षों से वह इस जर्जर सड़क की मार झेल रहे हैं, लेकिन अब तक न तो मरम्मत हुई और न ही किसी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर हालात देखने का प्रयास किया। हालत यह है कि कई गड्ढे इतने गहरे हो चुके हैं कि वाहनों के पहिए फंस जाते हैं। बरसात में यह गड्ढे जानलेवा साबित हो जाते हैं। भारी वाहन पहले ही इस मार्ग से गुजरना बंद कर चुके हैं। एंबुलेंस, स्कूल वाहन और कृषि कार्य में लगने वाली गाड़ियां जोखिम उठाकर चल रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद कोई समाधान नहीं निकला।



## समनापुर में पशु प्रदर्शनी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ साल्हेवारा

समनापुर में पशुधन विकास विभाग ने पशुधन प्रदर्शनी एवं मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों एवं पशुपालकों को वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन करने प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा थी।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन का महत्वपूर्ण योगदान है। पशुपालन किसानों की आय का अतिरिक्त स्त्रोत होने के साथ कृषि व्यवस्था का मजबूत आधार है। मेले में पशुपालन से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। उत्कृष्ट पशुपालन करने वाले किसानों एवं पशुपालकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खम्हन ताम्रकार, मन्नू मरकाम, निजामसिंह मंडावी, गंगू मेरावी, विनोद ताम्रकार, महेंद्र यादव, परमात्मा मानिकपुरी, डॉ. सुधीर जैन, डॉ शिवांगी खरे, डॉ. आरपी टंडन, डॉ. योगेश कटारे उपस्थित थे।



## सार समाचार

### मनाया सीएम का जन्मदिन



**साल्हेवारा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन के अवसर पर महिला मोर्चा ने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु की कामना की गई। यह आयोजन महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी तथा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष उमा चौबे के मार्गदर्शन और मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष शकुन यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद आम, बेल, नीम और पीपल के पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान ज्योति पटेल, विमल यादव, लक्ष्मी मानिकपुरी, सुनीता साहू, तारा यादव, अनीता यादव, अनीता श्रीवास्तव, घासनी निषाद आदि उपस्थित थी।



### बीईओ ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा अंतर्गत विकासखंड छुईखदान के परीक्षा केन्द्रों का बीईओ ने आकस्मिक निरीक्षण किया। 20 फरवरी को भूगोल एवं भौतिक शास्त्र की परीक्षा के दौरान बीईओ गिरेंद्र सुधाकर एवं शिक्षा विभाग की टीम ने उच्चतर माध्यमिक शाला धोधा, पेंडरवानी, सेजेस गंडई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नकल प्रकरण नहीं पाया गया। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा का संचालन सुचारु रूप से संपन्न होते पाया गया। इसी क्रम में 21 फरवरी को कक्षा 10वीं के हिंदी की परीक्षा के दौरान श्री सुधाकर एवं टीम ने उच्चतर माध्यमिक शाला झुरानदी, उदयपुर, कन्या शाला तथा सेजेस छुईखदान का निरीक्षण किया गया। सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संचालित होती पाई गई।

### योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर 25 से

**गंडई पंडरिया।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान न्यास ने गंडई नगर में 25 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रखा है। यह शिविर 25 फरवरी से 25 मार्च तक कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल पंडरिया रोड में संचालित होगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिभागियों की सुविधा के लिए प्रशिक्षण दो सत्रों में होगा। ऑफलाइन सत्र प्रातः 6 से 7.30 बजे तक स्कूल परिसर में चलेगा। वहीं ऑनलाइन सत्र शाम 6.30 से 7.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 25 फरवरी है।

#### बताया जाएगा उपचार

प्रशिक्षण के दौरान योग दर्शन, प्राकृतिक चिकित्सा, एक्युप्रेशर और घरेलू उपचार के साथ मोटापा, थायराइड, डायबिटीज और तनाव से मुक्ति के गुर सिखाए जाएंगे। नीरज आर्य, प्रकाश आर्य, श्री श्रीवास्तव, पप्पू आर्य, संदीप आर्य, शत्रुहन, पोखन आर्य एवं मनीष आर्य ने नागरिकों और युवाओं से शामिल होने का आव्हान किया है।

### सुलेखन में दिखी बच्चों की प्रतिभा

**बांधाबाजार।** संकुल स्तरीय सुलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किगत दिनों संकुल प्राचार्या सुनीता चौधरी के निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता में 32 विद्यार्थियों ने भाग लेकर सुंदर लिखावट एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया।

इस आयोजन में शिक्षक अशोक, बंशीलाल, दुलेश्वर, कपिल, कैलाश, ममता, राजलक्ष्मी, सविता,



अपर्णा, सोहन एवं पूनम ने सहयोग दिया। संचालन संकुल समन्वयक सोमदत्त साहू ने किया। छात्र तन्मय, अमन, साक्षी, युगल, करीना, येमन, मोहित, तुषार, कुमकुम, वंश ने हिंदी एवं अंग्रेजी में उत्कृष्ट सुलेखन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। हिन्दी सुलेखन में प्रथम साक्षी, द्वितीय युगल एवं अंग्रेजी सुलेखन में प्रथम तन्मय, द्वितीय मोहित रहे। माध्यमिक वर्ग की हिन्दी सुलेखन में प्रथम सुमन, द्वितीय साक्षी, अंग्रेजी सुलेखन में प्रथम गौरी, द्वितीय तारणी रही।

### होली पर शराब बिक्री का निर्णय जनविरोधी

**छुरिया।** जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चुम्मन साहू ने होली पर्व पर शराब बिक्री की अनुमति देने के निर्णय को



जनभावनाओं पर हमला बताते हुए निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह फैसला सरकार की असंवेदनशीलता और दोहरे चरित्र को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि राजस्व कमाने की लालच में सरकार समाज की शांति, महिलाओं की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ कर रही है। होली जैसे पर्व के दौरान शराब की बिक्री होने से झगड़े, मारपीट और आपराधिक घटनाओं का बढ़ना तय है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले शराबबंदी का दावा करने वाली भाजपा अब शराब को बढ़ावा देकर प्रदेश को नशे की गिरफ्त में धकेल रही है। उन्होंने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए होली पर शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

### 35 लाख के कामों का भूमिपूजन व लोकार्पण



**छुरिया।** ग्राम पंचायत गोपालपुर के आश्रित ग्राम भेजराटोला में आंगनबाड़ी भवन, महिला भवन, सीसी सड़क, अहाता, कलामंच सहित अन्य कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा के आतिथ्य में किया गया। अध्यक्षता जिपं सदस्य बीरम मंडावी ने की। इस दौरान मदन नेताम, कलीराम चंद्रवंशी, राधिका चंद्रवंशी, उभेराम मंडावी, भानबाई मंडावी, रोशनी कोर्राम मौजूद थी। स्वागत के बाद श्री सिन्हा ने इस बात पर गर्व जताया कि जनपद क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है और गाँव में सड़क, स्कूल, अस्पताल, पानी, बिजली, भवनों और संचार सुविधा का विस्तार हो रहा है। अन्य अतिथियों ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया। इस अवसर पर शत्रुहन चंद्रवंशी, महावीर टेकाम, जीवन खाड़े, जितेंद्र कुमार, भुवनलाल, हेमसिंह चंद्रवंशी, शंकर यादव, केजाऊराम कोर्राम सहित अन्य मौजूद थे।

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष का गंडई में स्वागत



**गंडई पंडरिया।** युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनने के बाद आयश सिंह का गंडई नगर में प्रथम आगमन हुआ। भाजपाइयों ने उनका जमकर स्वागत किया और बधाई दिया। उल्लेखनीय है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया की अनुशंसा पर खैरागढ़ निवासी आयश सिंह बोनी को पुनः युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनका प्रथम नगर आगमन पर विश्राम गृह में कार्यकर्ता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का अभिनंदन किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से लादकर जमकर नारेबाजी की। स्वागत के बाद कार्यकर्ताओं ने मां गंगई मंदिर तक रैली निकाली। यह रैली बाजार क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होते हुए तिरंगा चौक पहुंची, जहां आम नागरिकों ने भी उत्साह दिखाया। इसके बाद रैली पुलिस लाइन मार्ग से होते हुए पुनः विश्राम गृह पहुंची, जहां सभा के बाद समापन किया गया।

उक्त अवसर पर जिपं सदस्य ललित चोपड़ा, शैलेंद्र त्रिपाठी, पवनसिंह, वेदांश सिंह बघेल, श्रेष्ठ बहादुर सिंह मोनू, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, लीला साहू, रवि भावनानी, रामा साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा चौबे, युवा मोर्चा अध्यक्ष भानु साहू, लेखराम साहू, राकेश टंडन, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजली देवांगन, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मंगलचंद जैन सहित अन्य मौजूद थे।

### रस्सा खींच में छात्रों ने दिखाया दम

**डोंगरगांव।** डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एके धमगाय के निर्देशानुसार दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर रस्सा खींच, 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, स्लो साइकिल रेस, बैडमिंटन, टेबल टेनिस , पिट्ठुल के साथ मेहंदी, रंगोली, पुष्प सज्जा, पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ प्राचार्य ने 100 मीटर दौड़ के साथ किया। प्रथम दिवस रस्सा खींच पिट्ठू , 100 मीटर दौड़ आयोजित की गई। इसी प्रकार दूसरे दिन साइकिल रेस, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शटल रेस, गोला फेंक, मेहंदी, पुष्प सज्जा, पूजा थाली सजावट रखा गया। अंत में प्रथम एवं



द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक डॉ सीके साहू, डॉ आशाराम साहू, रेणुका ठाकुर, गणेश नेताम, मन्नूलाल नायक, प्रियांकी गजभिए, चंचल कुजूर, शिवनाथ देवांगन, गौतम नेताम आदि मौजूद थे। स्पर्धा का संचालन अतिथि क्रीड़ा अधिकारी रोशन पटेल ने किया।

**0 मोहला।** आगामी खरीफ सीजन में उर्वरकों की संभावित कमी से बचाव और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने उर्वरकों के अग्रिम उठाव की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। उप संचालक कृषि ने ए बताया कि जिले के किसान 1 फरवरी से 31 मई के बीच आवश्यकता अनुसार खाद का अग्रिम उठाव कर सकते हैं। कृषि विभाग ने फरवरी और मार्च में लक्ष्य का 70 प्रतिशत वितरण पूर्ण करना निर्धारित किया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जन्मदिन पर मिष्ठान वितरण

**डोंगरगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्म दिवस पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने स्कूलों में मिठाई वितरण और पौधरोपण किया। श्री साहू के नेतृत्व में ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ग्राम पंचायत रुदगांव के आश्रित ग्राम सांकरीपार की प्राथमिक शाला पहुंचकर बच्चों का मुंह मीठा कराया। उन्होंने पौधरोपण भी किया। इस दौरान अर्जुनी मंडल के उपाध्यक्ष कुलेश्वर निषाद, गजानंद सोनकर आदि मौजूद थे।

### कृषि आधारित उद्योग का अवलोकन

**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक




विद्यालय की कक्षा अष्टम के विद्यार्थियों ने गत दिनों मोहन एग्रो इण्डस्ट्रीज का शैक्षिक भ्रमण किया। विज्ञान संकाय प्रमुख हेमा साहू, डिंपल चौरे, अनमोल पगारे द्वारा आयोजित शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने धान से चावल बनने की प्रक्रिया का अवलोकन किया और कृषि आधारित उद्योग के बारे में जानकारी हासिल किया। विद्यार्थियों ने सबसे पहले धान की गुणवत्ता जांचने की प्रक्रिया समझा। विशेषज्ञों ने बच्चों को मोइस्चर मीटर के माध्यम से अनाज में नमी मापने की विधि बताई। विद्यार्थियों को राइस मिल की विभिन्न मशीनों जैसे क्लीनर, हस्कर, पॉलिशर और ग्रेडर आदि के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण और भंडारण की वैज्ञानिक जानकारी प्राप्त हुई।

### विधायक प्रतिनिधि बनने पर अग्रवाल को दी बधाई



**राजनांदगांव।** वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल को राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. रमन सिंह के विधायक प्रतिनिधि मनोनीत होने पर भाजपा ग्रामीण मंडल के महामंत्री रमन सिंह राजपूत ने बधाई दी। श्री अग्रवाल के विधायक प्रतिनिधि बनने पर ग्रामीण क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

### कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में मनाया गया शहीद दिवस

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा ब्लैक डे



(शहीद दिवस) श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम देश के उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने आयोजित किया गया, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा करते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस अवसर पर पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को याद किया गया। जिसमें 14 फरवरी 2019 को सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए थे। कॉलेज की प्राचर्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि "हमारे वीर सैनिकों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।"

कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में ही एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों द्वारा मोमबत्तियां जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर वीर जवानों के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया।

## अंतिम प्रकाशन के बाद भी चालू रहेगी कटने जोड़ने की प्रक्रिया

# सूची में जिले के 2,87,110 मतदाता दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के एसआईआर अर्हता तिथि के संदर्भ में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ व 74-डोंगरगढ़ आंशिक अंतर्गत मतदान केंद्रों व मतदाताओं की विस्तृत जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान नो-मैपिंग के 1831 प्रकरण चिन्हित किए गए थे, जिनकी सुनवाई कर नियमानुसार निराकरण किया गया। सभी प्रकरणों की दस्तावेजीय जांच जिला स्तर पर पुष्टि उपरांत पूरी की गई। इसी प्रकार लॉजिकल एरर से संबंधित 73,428 प्रकरणों का भी आयोग की समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया गया।




विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि के आधार पर 6 जनवरी 2025 को प्रकाशित अंतिम सूची में जिले में कुल 2 लाख 99 हजार 810 मतदाता दर्ज थे। प्रक्रिया के दौरान मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित व अनुपस्थित 19 हजार 441 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए। इसके बाद 23 दिसंबर 25 को प्रकाशित प्रारंभिक सूची में कुल 2 लाख 80 हजार 369 मतदाता रहे। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू, भाजपा के शशांक ताम्रकार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कोमल साहू, आम आदमी पार्टी के संतोष यादव सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन कर्मचारी उपस्थित थे।

### नियमानुसार करें आवेदन

वर्तमान अंतिम प्रकाशन के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 73-खैरागढ़ में 2 लाख 16 हजार 900 और 74-डोंगरगढ़ आंशिक में 70 हजार 210 मतदाता दर्ज हैं। इस प्रकार जिले में कुल 2 हजार 87 हजार 110 मतदाता पंजीकृत हैं। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के पश्चात भी यदि कोई पात्र मतदाता किसी कारणवश सूची में सम्मिलित होने से वंचित रह गया है, तो वह निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से अपना नाम जुड़वाने आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार यदि किसी मतदाता को अपना नाम विलोपित कराना हो अथवा विवरण में संशोधन कराना हो, तो वह भी नियमानुसार आवेदन कर सकता है। यह पूरी प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सतत रूप से जारी रहेगी ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कर सके।

# दो का प्रमोशन, एक शिक्षक के भरोसे पूर्व माध्यमिक शाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के अमलीडीहकला पूमाशा में शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। जानकारी अनुसार दो शिक्षकों के पदोन्नति बाद अब पूमाशा एक शिक्षकीय स्कूल बन गया है।



शिक्षक तेजराम वर्मा का प्रमोशन छुईखदान ब्लॉक के बाईकटोरी पूमाशा और कृष्णप्रसाद वर्मा को विक्रमपुर पूमाशा में प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति मिली है। दोनों शिक्षकों के जाने के बाद विद्यालय में केवल एक शिक्षक के भरोसे कक्षाओं का संचालन हो रहा है। इस स्थिति में यहाँ अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक होने के कारण एक ही शिक्षक के लिए सभी कक्षाओं को संभालना चुनौती हो गया है और पढ़ाई की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामवासियों ने इस स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए शिक्षा विभाग से मांग की है कि शाला में शीघ्र अतिरिक्त शिक्षक की नियुक्ति की जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो और शिक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सकें। उनका कहना है कि ग्रामीण अंचल के बच्चों का भविष्य दांव पर न लगे इसके लिए विभाग को तत्काल सकारात्मक कदम उठाना चाहिए।

# फैशन वीक में आदर्श ने बिखेरा जलवा

- सेलिब्रिटी डिजाइनर के शो में किया प्रभावशाली रैंप वॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के उभरते युवा मॉडल मास्टर आदर्श गुप्ता ने राजधानी दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित फैशन-शो ग्लोरियस इंडियन रनवे फैशन वीक में शानदार प्रस्तुति देकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। देश के प्रसिद्ध सेलिब्रिटी डिजाइनर द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन में आदर्श ने आत्मविश्वास, आकर्षक व्यक्तित्व और पेशेवर अंदाज के साथ रैंप पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिसकी उपस्थित दर्शकों और फैशन विशेषज्ञों ने सराहना की।

मास्टर आदर्श गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र गुप्ता के सुपुत्र हैं। उन्होंने कम उम्र में ही मॉडलिंग को अपने करियर के रूप में अपनाया और निरंतर परिश्रम व समर्पण के बल पर राष्ट्रीय स्तर के मंच तक अपनी पहचान बनाई है। दिल्ली में आयोजित इस बड़े फैशन समारोह में भागीदारी उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।



आदर्श इससे पूर्व भी देश के विभिन्न राज्यों और प्रमुख शहरों में आयोजित फैशन आयोजनों में हिस्सा ले चुके हैं। उन्होंने नैनीताल, रांची, हैदराबाद तथा मुंबई जैसे शहरों में अपनी प्रस्तुति से विशेष पहचान बनाई है। उनकी मंच प्रस्तुति, चाल-ढाल और आत्मविश्वास ने फैशन जगत में उन्हें एक उभरते चेहरे के रूप में स्थापित किया है। आदर्श ने अपने संदेश में कहा कि वे आगे भी बड़े मंचों पर निरंतर कार्य करते हुए अपने जिले और प्रदेश का नाम रौशन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# यूजीसी समर्थन व अधिकारों के लिए संयुक्त मोर्चा का ऐलान, 17 मार्च को उठेगी आवाज

- न्यायपूर्ण समाधान प्राप्त करना है उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर की सामाजिक और शैक्षणिक सरोकारों से जुड़े एससी, एसटी व ओबीसी संयुक्त मोर्चा ने व्यापक रैली और धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया है। हाल ही में आयोजित एक बैठक में जिले के विभिन्न समाजों के सैकड़ों प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि यूजीसी समर्थन सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर अब शांतिपूर्ण लेकिन प्रभावी जन आंदोलन किया जाएगा।

बैठक में वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा और सामाजिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर लंबे समय से अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो पाई है। कई ज्ञापन और निवेदनों के बावजूद समाधान की दिशा में ठोस प्रगति न होने से समाज में चिंता व्याप्त है। ऐसे में संयुक्त मोर्चा ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात शासन-प्रशासन तक पहुंचाने की रणनीति बनाई है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार 17 मार्च को रावण भाठा इतवारी बाजार में धरना-प्रदर्शन बाद रैली बक्शी मार्ग, गोलबाजार, राजीव चौक, नया बस स्टैंड चौक और अंबेडकर चौक से गुजरते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचेगी। वहां प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल, राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपेगा। बैठक में आंदोलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि यह केवल एक समाज का नहीं, बल्कि समान अवसर और अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने युवाओं, विद्यार्थियों और समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में शामिल होकर एकजुटता का परिचय दें। संयुक्त मोर्चा ने स्पष्ट किया है कि आंदोलन पूरी तरह से शांतिपूर्ण और संवैधानिक दायरे में रहेगा। संवाद के माध्यम से शिक्षा और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर ठोस कदम उठाकर न्यायपूर्ण समाधान प्राप्त करना है उद्देश्य है।

# पदोन्नति नियम में विसंगति, आपत्ति साथ प्राचार्य एसोसिएशन ने दिया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छग स्कूल शिक्षा सेवा शैक्षिक व प्रशासनिक संवर्ग भर्ती एवं पदोन्नति नियम 26 में व्यापक विसंगति को लेकर छग प्राचार्य एसोसिएशन ने विरोध दर्ज किया है। जिला संयोजक डॉ कमलेश्वर सिंह ने 13 फरवरी 26 को जारी राजपत्र में प्रकाशित नियमों पर आपत्ति दर्ज करते हुए संशोधन की मांग करते हुए कहा कि यह नियम भेदभावपूर्ण है और यह शिक्षक एलबी संवर्ग आगे बढ़ने से रोकने के लिए बनाया गया है।

आपत्ति जताने के साथ जिला संयोजक ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को सुझाव देते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा सेवा शैक्षिक व प्रशासनिक संवर्ग भर्ती, पदोन्नति नियम 26 में उल्लेखित नियम 4 सेवा का गठन में (ड) जोड़ते हुए स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया जाए कि शिक्षक पंचायत/ननि संवर्ग की 8 साल की सेवा पूर्ण करने के पश्चात शिक्षा विभाग में संविलयन पूर्व सेवा की गणना करते हुए सेवा निरंतर मानी जाएगी। नियम 6 की अनुसूची दो सरल क्रमांक 19 कालम 2 में अंकित प्राचार्य पद पर पदोन्नति को लेकर क्रमशः अपने पद पर नियुक्ति तिथि/पदोन्नति तिथि से व्याख्याता/व्याख्याता एलबी पूमाशा प्रधान पाठक जोड़ा जाए। नियम 6 अनुसूची दो सरल क्रमांक 21 टिप्पणी में क्रमशः शिक्षक/शिक्षक एलबी/प्रधान पाठक प्राथमिक जोड़ा जाए और नियम 6 अनुसूची दो सरल क्रमांक 23 की टिप्पणी कालम में प्रधानपाठक पूमाशा को विलोपित किया जाए और 5 साल अनुभवी व्याख्याता/व्याख्याता एलबी को एबीईओ के पद पर प्रतिनियुक्ति उल्लेखित किया जाए। जिला संयोजक डॉ कमलेश्वर सिंह ने कहा कि नियम 8 अनुसूची तीन सरल क्रमांक 4 कालम में एबीईओ की सीधी भर्ती से नियुक्ति के लिए शैक्षिक व व्यावसायिक योग्यता स्नाकोत्तर, डीएड/ बीएड प्रशिक्षित जोड़ा जाए।

नियम 8 अनुसूची तीन सरल क्रमांक 10 में उपसंचालक/जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नति के लिए प्राचार्य व प्रशासनिक पद पर अनुभव 10 साल के स्थान पर 5 साल व प्रशिक्षित जोड़ा जाए। 2015-16 में नियुक्त एबीईओ व बीईओ को डीएड/ बीएड प्रशिक्षण के लिए 4 साल में विभागीय पत्राचार से प्रशिक्षित होने का अवसर प्रदान किया जाए। डॉ कमलेश्वर सिंह ने कहा कि उपरोक्तानुसार नियमों में संशोधन किए करने से पूर्णकालिक प्राचार्य व बीईओ के साथ प्रशासनिक समन्वय स्थापित करने में सुविधा होगी और अनावश्यक प्रशासनिक विवादों से बचा जा सकेगा।

# स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज को लेकर समझौता, कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक ने राज्य शासन के नियमित शासकीय कर्मचारियों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य शासन और छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के बीच स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू के तहत राज्य कर्मचारियों के लिए अत्यंत आकर्षक और बहु-लाभकारी वेतन खाता सुविधाएं प्रारंभ की गई है। इस पहल के अंतर्गत कर्मचारियों को न्यूनतम शेष राशि की बाध्यता से पूर्णतः मुक्त खाता, एसएमएस अलर्ट, मोबाइल एवं इंटरनेट बैंकिंग जैसी डिजिटल सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। डेबिट कार्ड का वार्षिक शुल्क शून्य तथा नया रुपए कार्ड निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। साथ ही ऑटो स्वीप सुविधा के माध्यम से अतिरिक्त शेष राशि पर स्वतः सावधि जमा का लाभ भी मिलेगा।

इस योजना का सबसे बड़ा आकर्षण व्यापक बीमा सुरक्षा है। जिसके अंतर्गत पात्र कर्मचारियों को 25 लाख रुपए से 1 करोड़ रुपए तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर, 60 लाख रुपए का



अतिरिक्त हवाई दुर्घटना बीमा तथा 10 लाख रुपए का ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस कवर प्रदान किया जाएगा। स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में भी 50 लाख रुपए तथा आंशिक दिव्यांगता की स्थिति में 25 लाख रुपए का इंश्योरेंस कवर प्रदान किया जाएगा। ऋण सुविधाएं प्राप्त करने पर व्यक्तिगत एवं वाहन ऋण पर प्रोसेसिंग शुल्क में 50 प्रतिशत तथा आवास ऋण पर 100 प्रतिशत की रियायत दी जाएगी। लॉकर किराये में भी निर्धारित श्रेणी अनुसार 20 से 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी।

## दीप प्रज्ज्वलित कर मनाई गई शिवाजी की जयंती

**राजनांदगांव।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती 19 फरवरी को हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत सर्व समाज के लोगों ने शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी बहादुरी को नमन किया और पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जिला कुर्मी समाज के अध्यक्ष सुदेश देशमुख द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। साथ ही अतिथियों का स्वागत करते शिवाजी महाराज के अदम्य साहस, कुशल प्रशासन और न्यायपूर्ण नेतृत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



महापौर मधुसूदन यादव ने कहा की शिवाजी का जीवन भारतीय इतिहास पर अमिट छाप छोड़ गया। इस अवसर पर शिवाजी पार्क में 1000 दीप प्रज्वलित कर उत्साह और उमंग के साथ शिवाजी की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम को पूर्व महापौर हेमा देशमुख, श्रीकिशन खंडेलवाल, संतोष पिल्ले ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मानव देशमुख तथा आभार प्रदर्शन जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज के सचिव भूपेंद्र चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, युवा, बच्चे व महिलाएं उपस्थित हुए।

## इंदिरा कला संगीत विवि शिक्षक संघ की बैठक आयोजित

# संघ ने मांगा कैरियर एडवांस स्कीम के तहत प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि शिक्षक संघ की बैठक मे सभी सदस्यों ने एकसुर में शीघ्र अतिशीघ्र प्रमोशन की मांग उठाई। बीते पांच सालों से विवि में कार्यरत शिक्षकों का कैरियर एडवांसमेंट स्कीम तहत प्रमोशन लंबित है जिसके कारण शिक्षकों के हक का हनन हो रहा है।

वर्तमान में विवि में मात्र दो प्रोफेसर और तीन एसोसिएट प्रोफेसर है। समय पर स्कीम तहत प्रमोशन ना होने के कारण दो संकाय अधिष्ठाता विहीन है। संघ की बैठक में शिक्षकों द्वारा चिंता व्यक्त की गई की सालों से प्रमोशन ना होने के कारण शिक्षकों का हक मारा जा रहा है यदि समय पर प्रमोशन होता तो आज कई शिक्षकों को एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर और डीन बनने का अवसर प्राप्त होता। संबंध में संघ ने आम सहमति बनाते हुए निर्णय लिया कि स्कीम के तहत प्रमोशन की



कारवाई को लेकर कुलपति को पत्र लिखने के साथ-साथ उसकी प्रतिलिपि राज्यपाल, यूजीसी और ऑल इंडिया फेडरेशन आफ यूनिवर्सिटी एण्ड कॉलेज टीचर ऑर्गेनाइजेशन को भी भेजा जाए ताकि यदि किसी प्रकार वैधानिक अड़चन को दूर किया जा सके।

अन्य मुद्दों में पुरानी पेंशन बहाली व विवि के प्रकृति के अनुरूप प्रमोशन के लिए पूर्व में प्रेषित एपीआई के नवीन प्रारूप को स्वीकृत किए जाने विषयक कारवाई तत्काल करने संबंधी पत्र लिखने का प्रसताव लिया गयाऽ। इस दौरान संघ अध्यक्ष डॉ. मंगलानंद झा अध्यक्ष, डॉ. विवेक नवरे, डा. दिवाकर कश्यप, डॉ मेदनी होंबल, डॉ दीपशिखा पटेल, डॉ. नमन दत्त, डॉ वेंकट रमन गुड़े, डॉ देवमाइत मिंज, डॉ पूर्णिमा केलकर, डॉ रविनारायण गुप्ता, डॉ. कौस्तुभ रंजन, डॉ शिवाली सिंह बैस, डॉ सुशांत दास, जगदेव नेताम, संदीप किंडों व डॉ हरिओम हरि उपस्थित थे।

### कई अन्य मांग शामिल

शिक्षक संघ ने बैठक में निर्णय लिया कि प्रमोशन के लिए जिस संकाय में अधिष्ठाता नहीं है वहां वर्तमान में नियुक्त किसी अन्य डीन को प्रमोशन की कार्रवाई होने तक अधिकृत किया जाए। विवि डिपॉजिट में सातवें वेतन मान के एरियर्स की राशि है उसका भुगतान शीघ्र किया जाए। बैठक में यह भी बात उठी की विगत दिनों विवि संग्रहालय में कार्यरत अधिकारी द्वारा इतिहास विभाग में कार्यरत शिक्षक के संबंध में निराधार और झूठी शिकायत की गई थी। इस मामले पर विवि द्वारा ठोस कार्रवाई करने पत्र लिखने का निर्णय लिया गया ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी शिक्षक के विरुद्ध निराधार आरोप न लगा सके।

# घुमका कॉलेज के कर्मियों के वेतन में होगी वृद्धि




- 28 को घुमका महाविद्यालय में होगा वार्षिक उत्सव, बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ उपरवाह

घुमका महाविद्यालय में 19 फरवरी को जनभागीदारी समिति की बैठक हुई। जिसमें घुमका महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजेश श्यामकर, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, प्राचार्य सत्यदेव त्रिपाठी उपस्थित थे।

बैठक में कर्मचारी व सफाईकर्मी की वेतन वृद्धि पर चर्चा हुई। साथ ही जनभागीदारी समिति की वार्षिक आय-व्यय की जानकारी दी गई। जनभागीदारी समिति घुमका महाविद्यालय के अध्यक्ष राजेश श्यामकर ने सहज पूर्व कम्प्यूटर ऑपरेटर व सफाई कर्मी की वेतन बढ़ाने का निर्णय लिया, जिस पर कर्मचारियों ने श्री श्यामकर के प्रति खुशी जाहिर की। श्री श्यामकर ने कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए हर संभव प्रयासरत रहेंगे। साथ ही जल्द ही पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन से मुलाकात कर घुमका महाविद्यालय के जीर्णोद्धार व अन्य विकास कार्य के लिए बजट में प्रावधान लाने बात करेंगे। श्री श्यामकर ने बच्चों की मनोस्थिति तेज व एक यादगार पल बनाने घुमका महाविद्यालय में 28 फरवरी को वार्षिक उत्सव का आयोजन करने सहमति प्रदान की।

बैठक में नोहेन्द्र सिन्हा, अजय ठाकुर, गोविंदा सेन, तिलेश्वर सिन्हा, हेमंत मेश्राम, गौरव शर्मा, लक्की दिलीप पटेल, जागेश्वर साहू, शांति निर्मलकर, ललित साहू सहित सदस्यगण व महाविद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।

## सार समाचार

### आज गांधी सभागृह में नाटक की प्रस्तुति



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव थियेटर ग्रुप द्वारा कल 22 फरवरी को शाम 6 बजे गांधी सभागृह में नाटक वो एक रात का मंचन किया जा रहा है। जिसके लेखक व निर्देशन रंगकर्मी रितेश सिंगाडे द्वारा किया गया है। नाटक की अवधि 1 घंटा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव व कलेक्टर जितेन्द्र यादव तथा विशेष अतिथि के रूप में एसपी अंकिता शर्मा एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा होंगे। राजनांदगांव थियेटर ग्रुप द्वारा नाटक प्रेमियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील की।

### जनजागरूकता रैली आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशानुसार एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. एके मंडावी के मार्गदर्शन में समाज शास्त्र के विद्यार्थियों द्वारा बेस्ट प्रैक्टिस कार्यक्रम पोषक विद्यालय संपर्क अभियान : राष्ट्रिय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी-2020) के अंतर्गत शा.उ.मा. विद्यालय ग्राम सिंघोला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यक्रम एवं जन जागरूकता रैली (विषय-मोबाइल के दुष्प्रभाव) का आयोजन किया गया। उक्त रैली में विद्यार्थियों ने मोबाइल की आदत छोड़ो यार पढ़ाई और खेल से करो प्यार जैसे अनेक स्लोगनों के माध्यम से जनता को मोबाइल के दुष्प्रभाव से जागरूक किया एवं गांव का भ्रमण किया। शा.उ.मा. विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पीसी कोसरिया ने पूर्ण रूप से अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम अंतर्गत डॉ. एके मंडावी ने नई शिक्षा नीति से अवगत कराया। मंच संचालन डॉ. प्रियंका लोहिया एवं चित्रांशा राठौर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### जयंती पर युवाओं ने किया माल्यार्पण

**राजनांदगांव।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर राजनांदगांव शहर के शिवाजी पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए।



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा एवं युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सोनी के नेतृत्व में मनीष साहू, निमेश देशलहरे, दादू यादव, रामकृष्ण महिलांग, अतुल्य साहू, कृष्णा सिन्हा, पुष्कर रजक, लक्ष्य, शुभम साहू, कारण साहू, विकास यादव आदि युवाओं ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा को साफ कर विधिवत रूप से धोया। तत्पश्चात माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर अभिमन्यु ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि न्यायप्रिय, प्रजावत्सल और दूरदर्शी शासक थे। उनका जीवन हमें साहस, संगठन और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। उन्होंने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष कर स्वाभिमान की मिसाल पेश की, जो आज भी युवाओं के लिए पथ प्रदर्शक है। युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सोनी ने कहा कि शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलकर ही हम एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण कर सकते हैं। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

### महिला खिलाड़ियों का सम्मान

**राजनांदगांव।** संजय नगर लखोली स्थित न्यू पंचशील कल्याण समिति के तत्वावधान में खेल और प्रतिभा के सम्मान का एक गौरवशाली क्षण देखा गया।



क्षेत्र की उन होनहार बेटियों का भव्य अभिनंदन किया गया, जिन्होंने फुटबॉल के खेल में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। समारोह के दौरान समाज के वरिष्ठजनों और गणमान्य सदस्यों ने खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देते उनका मनोबल को बढ़ाया। सम्मानित होने वाली खिलाड़ियों में निहारिका बोरकर (नेशनल प्लेयर-मणिपुर, इम्फाल), यास्मिन (नेशनल प्लेयर), दीपाली साहू (नेशनल प्लेयर), गरिमा श्रीवास (नेशनल प्लेयर), निलिमा भीमटे (नेशनल प्लेयर), प्राची मेश्राम (स्टेट प्लेयर), सुमन यादव (स्टेट प्लेयर) शामिल हैं।

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने की आर्थिक मदद

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के 25 जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता राशि 6,50,000 की स्वीकृति प्रदान की।



विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल द्वारा स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में चेक वितरण किया गया। जिसमें प्रभाबाई साहू ग्राम टेड़ेसरा को 01 लाख रुपए, लक्ष्मी मंडावी, पुनीता चंद्रवंशी ग्राम भंडारपुर को 50-50 हजार रुपए व कांतिबाई मेश्राम वार्ड नं. 10 राजनांदगांव को 40 हजार रुपए, गीता संतोष यादव मठपारा व प्रेमा सोनकर स्टेशनपारा को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान किया गया। इसी प्रकार लक्ष्मी सोनकर वार्ड नं. 48 नंदई व विद्या चंद्राकर ग्राम भर्रेगांव को 25-25 हजार रुपए, गिरजाबाई देवांगन ग्राम बोरी, प्रवीण गिरी गोस्वामी स्टेशनपारा व आशीर्वाद नवयुवक मंडल को 20-20 हजार रुपए प्रदान किए गए।

### गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस की मनी जयंती

**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव द्वारा गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाई गई।



यह कार्यक्रम केसर नगर स्थित कालीबाड़ी प्रांगण में आयोजित हुआ। इस अवसर पर सुशील लड्ढा, सविता बोस, प्रवीण शर्मा, प्रभात गुप्ता, जुगल गुप्ता, राज बहादुर सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### निधन



#### यशोदा बहेकर

**राजनांदगांव।** ममता नगर गली नंबर पांच निवासी यशोदा बहेकर पति स्व. हेमराज बहेकर का शनिवार शाम को हृदयघात से देवलोक गमन हो गया। वे लगभग 79 वर्ष की थी। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को दोपहर 12 बजे मोतीपुर-नया ढाबा मार्ग स्थित मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। स्व. यशोदा बहेकर समाजसेवी ओमप्रकाश बहेकर व अधिवक्ता धनेंद्र बहेकर की मां थी।

---

स्वास्थ्य केंद्र और राशन दुकान आने जाने में हो रही दिक्कतें

# दो विभागों के बीच तालमेल नहीं, सालों बाद भी सड़क किनारे से नहीं हटी लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दो शासकीय विभागों में आपसी सामंजस्य नहीं बन पाने की वजह से लोगों को दिक्कतों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। दरअसल शहर के भगत सिंह चौक से पुराना रेस्ट हाउस रोड जाने वाली सड़क पर पुरानी सिविल लाइन वार्ड नंबर 14 बल्देवबाग का एक स्वास्थ्य केंद्र बना हुआ है। इसी परिसर में एक राशन दुकान भी संचालित होती है। स्वास्थ्य केंद्र और राशन के मुहाने पर ही लगभग 4- 5 वर्षों से एक विशालकाय वृक्ष का तना गिरा हुआ है। इस तने को लेकर कई बार स्थानीय लोग, स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत कर्मचारी, राशन दुकान संचालक और स्थानीय नेताओं द्वारा इसे हटाने नगर निगम में आवेदन, निवेदन किया जा चुका है। इसके बावजूद यह विशालकाय वृक्ष का तना अब तक यहां से नहीं हट पाया है। जिसकी वजह से यहां राशन लेने आने वाले लोगों सहित गर्भवती, महिलाओं, माताओं और किशोरी बालिकाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

#### वाहन खड़ी करने में होती है दिक्कतें

राशन दुकान और टीकाकरण स्वास्थ्य केंद्र के सामने इस विशालकाय वृक्ष के तने की वजह से यहां आने वाले लोग अपने वाहन परिसर के सामने नहीं खड़े कर पाते हैं। वहीं यहां से राशन ले जाने में भी लोगों को दिक्कतें होती है। इस धराशाही पेड़ के तने की वजह से यहां स्थित राशन दुकान और स्वास्थ्य केंद्र भी नजर नहीं आता है। रहवासियो द्वारा लगातार मांग किए जाने के बाद भी विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।




#### उदासीनता से जूझ रहे लोग

2 वर्ष पहले इस पेड़ के तने को ठंड के दिनों में नगर निगम द्वारा जलने वाले अलाव के लिए काटकर ले जाएंगे, ऐसी सूचना भी यहां के लोगों को दी गई, लेकिन इसके बाद भी पेड़ का तना नहीं हटाया गया। लोग इसे हटाने के लिए कई बार निवेदन करके थक चुके हैं। अब इस ओर कोई ध्यान भी नहीं देता है। इस तने को मौके पर ही काट कर हटाया जा सकता है, लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते लोग समस्या से जूझ रहे हैं।

#### पांच साल पहले आंधी तूफान में धराशाही हुआ था पेड़

इस पेड़ की टहनियां आसपास के लोग ले गए, लेकिन विशालकाय तने को यहां से हिलाया भी नहीं जा सका। इसके बाद इस तने को हटाने के लिए कोशिश भी नहीं की गई। बताया जाता है कि पेड़ के इस तने को यहां से उठाने की व्यवस्था नहीं बन पाई। जिसकी वजह से यह वर्षों से यहीं पड़ा हुआ है। यहां के राशन दुकान संचालक ने बताया कि इसके लिए नगर निगम में कई बार शिकायत की गई, लेकिन मामला वन विभाग का है कहकर इसे नहीं हटाया गया। वहीं वन विभाग ने भी इसे हटाने के लिए कोई पहल नहीं की।

#### बस्ती के बीच नहीं है वार्ड का स्वास्थ्य केन्द्र

पुरानी सिविल लाइन बलराम दास वार्ड क्रमांक 14 का यह स्वास्थ्य केंद्र जिस जगह बनाया गया है, वह जगह भी बस्ती से काफी अलग है। इस वजह से यहां पर कम लोग आते हैं। इस स्वास्थ केंद्र को वार्ड के बीच बनाया जाना था, लेकिन इसे आउटर क्षेत्र में बना दिया गया है।

---

### जिला अनुसूचित जाति मोर्चा की घोषणा



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला राजनांदगांव की जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन मंत्री पवन कुमार साय, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े एवं जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय राय ने शनिवार को अपनी टीम घोषित की।

इसमे दीपेश शेंडे एवं योगेश बंजारे को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं ललित रामटेके को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह मयंक डोंगरे, देश फिरंता कौशिक, अनिता इंदुकर, संकेत रामटेके, योगराज जगने, रतन कोसरे, कमलेश बंधे एवं पुष्पा बंजारे को उपाध्यक्ष बनाया गया है। अनुसूचित जाति मोर्चा में पांच मंत्री सहित 26 पदाधिकारी व 9 कार्यकारिणी सदस्य, 6 विशेष आमंत्रित सदस्य और 24 स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाए गए हैं।

---

### जोगी कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष और युवा मोर्चा नेता शमसुल आलम ने



आबकारी विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर के कई बार और रेस्टोरेंट जैसे अवाना बार और संगवारी बार आबकारी विभाग की गाइड लाइनों का पालन नहीं कर रहे हैं, लेकिन फिर भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। श्री आलम ने कहा कि इन बारों में गाइड लाइनों का उल्लंघन होने के बावजूद कुछ आबकारी कर्मचारी और इंस्पेक्टर की मिलीभगत से बारों को लाइसेंस मिल जाते हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर कार्रवाई की मांग की और आबकारी अधिकारी को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया। यदि प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई नहीं की तो जोगी युवा मोर्चा उग्र प्रदर्शन करेगा।

## होली में शराब दुकान खोले जाने का विरोध, कांग्रेस ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आबकारी नीति में बदलाव करते प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष होली और मोहर्रम पर शराब की दुकान खोले जाने का निर्णय लिया गया है। इसके विरोध में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस होली पर शराब दुकान बंद नहीं रहेगी। प्रदेश सरकार के इस निर्णय के खिलाफ शराब दुकान खोले जाने के मामले को लेकर आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने शहर के महाकाल चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर प्रदेश सरकार के खिलाफ इस नीति को लेकर जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस के प्रदेश मीडिया पैनल लिस्ट अभिमन्यु मिश्र ने कहा कि होली में शराब दुकान खोले जाने से मामलों में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के फैसले के खिलाफ मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर यह पुतला दहन किया जा रहा है। कहा कि शुष्क दिवसों को बढ़ाना चाहिए, लेकिन यह सरकार इसे कम कर रही है।



#### कलेक्टर से शराब दुकान बंद रखने मांग

इस प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश में शराब दुकान खोलने का निर्णय सरकार ने किया है, लेकिन स्थानीय स्तर पर शराब दुकान बंद करने को लेकर उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि जिले में होली के दिन सभी शराब दुकान बंद रखी जाए। कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री शारदा तिवारी, डॉ. आफताब आलम, माया शर्मा, संदीप सोनी, झम्मन देवांगन, नासिर, बबलू कसार, सौरभ खंडेलवाल, गफूर मेमन सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### पुलिस रही तैनात

कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पुतला दहन की जानकारी मिलने पर पुलिस बल तैनात किया गया था, लेकिन पुलिस मुख्यमंत्री का पुतला जलने से नहीं रोक पाई। कांग्रेस कार्यकर्ता जयस्तंभ चौक की ओर से मुख्यमंत्री का पुतला बनाकर लेकर आए और मानव मंदिर चौक के समीप पुतले में आग लगा दी। पुतला जलने के बाद पुलिस ने पानी डालकर पुतले की आग बुझाई।

---

## मोपेड से गांजा तस्करी, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोपेड़ में अवैध रूप से गांजा रखकर परिवहन किए जाने की सूचना पर पुलिस ने एक मोपेड चालक को पकड़ा। आरोपी से 1.86 किलोग्राम गांजा बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरगी पुलिस को 20 फरवरी को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि मुकेश वर्मा निवासी कोहका भिलाई अपने स्कूटी में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ग्राम भर्रेगांव से सुरगी की ओर आ रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा चौकी के बाहर एमसीपी लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान एक स्कूटी को रोककर तलाशी लेने पर डिक्की में पीले-हरे रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध गांजा रखा हुआ पाया गया।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने आरोपी मुकेश वर्मा 30 वर्ष निवासी हनुमान चौक आर्य नगर कोहका भिलाई के कब्जे से कुल 1.86 किलोग्राम गांजा कीमत लगभग 10,000 रुपए तथा परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी एक्टिवा वाहन को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### संभाग बनाने की मांग

**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद राजेश



गुप्ता चंपू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से राजनांदगांव जिले को संभाग बनाने की मांग की। श्री गुप्ता ने डॉ. सिंह से बजट में शामिल करने का आग्रह किया।

## यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर चलेगी 15 होली स्पेशल ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी होली त्यौहार के दौरान यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 1,410 से अधिक होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने की योजना बनाई गई है। जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से भी 15 होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।



मिली जानकारी के अनुसार इसी कड़ी में रेलवे द्वारा होली के अवसर पर मार्ग चर्लपल्ली-दानापुर मार्ग की गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन चर्लपल्ली एवं दानापुर के मध्य 12 फेरे के लिए चलाई जा रही है। इन गाड़ियों को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल से होकर चलाई जा रही है। जिसमें 07091/07092 चर्लपल्ली-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन, 07093/0794 चर्लपल्ली-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन, 07095/07096 चर्लपल्ली-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन इस रूट पर तीन होली स्पेशल गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार 07091/07092 चर्लपल्ली-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन यह गाड़ी चर्लपल्ली से गाड़ी संख्या 07091 नंबर के साथ 23 व 28 फरवरी एवं 03 व 07 मार्च 2026 को तथा दानापुर से यह गाड़ी संख्या 07092 नंबर के साथ 25 फरवरी व 01, 05 एवं 09 मार्च 2026 को चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच रहेगी। इसी तरह 07093/07094 चर्लपल्ली-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन यह गाड़ी चर्लपल्ली से गाड़ी संख्या 07093 नंबर के साथ 28 फरवरी 2026 तथा दानापुर से यह गाड़ी संख्या 07094 नंबर के साथ 02 मार्च 2026 को चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच रहेगी। वहीं 07095/07096 चर्लपल्ली-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन यह गाड़ी चर्लपल्ली से गाड़ी संख्या 07095 नंबर के साथ 01 मार्च 2026 तथा दानापुर से गाड़ी संख्या 07096 नंबर के साथ 03 मार्च 2026 को चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच रहेगी।

## स्मार्ट मीटर: हर आधे घंटे में खपत की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं कबीरधाम जिले के सभी वितरण केन्द्रों में आमजनों को स्मार्ट मीटर की विविध सुविधाओं का लाभ दिलाने स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बिजली उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक सुविधाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्मार्ट मीटर जागरूकता पखवाड़ा के तहत राजनांदगांव शहर के कैलाश नगर स्थित विद्युत कार्यालय प्रांगण में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की उपयोगिता, सटीक बिलिंग प्रक्रिया और बिजली खपत में पारदर्शिता के बारे में विस्तार से बताया गया।



#### भ्रांतियों को किया दूर

इस अभियान के तहत सभी विद्युत उपभोक्ताओं को आधुनिक बिजली सेवाओं के लिए प्रेरित करते स्मार्ट मीटर के माध्यम से पारदर्शिता और दक्षता को प्रोत्साहित कर उन्हें अपने मोबाइल के माध्यम से स्मार्ट मीटर में दर्ज खपत को देखने और उनके अनुसार ऊर्जा की बचत करने के तरीके की जानकारी दी गई। जिसके परिणामस्वरूप कुल 75 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही अपने मोबाइल में "मोर बिजली ऐप" डाउनलोड किया।

#### नुक्कड़ नाटकों का मंचन

स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत आकर्षक नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया गया। जिसके माध्यम से स्मार्ट मीटर के लाभों को सरल और मनोरंजक तरीके से आम जनता तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को मोर बिजली ऐप डाउनलोड करवाया गया, ताकि वे अपने मोबाइल पर ही हर आधे घंटे की वास्तविक समय में बिजली खपत की निगरानी कर सकें। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। शहर के पश्चिम जोन एवं पूर्वी जोन से 145 उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर को लेकर अपना सकारात्मक फीडबैक दर्ज कराया।

## परीक्षा केन्द्रों में जांच पड़ताल के बीच 10वीं का पहला पेपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं में शनिवार से कक्षा दसवीं की परीक्षा प्रारंभ हो गई है। जिले में बने 88 परीक्षा केन्द्रों में 10 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने हिंदी का पहला पर्चा भरा।

शुक्रवार को 12वीं बोर्ड की परीक्षा के बाद आज शनिवार से कक्षा दसवीं बोर्ड की परीक्षाएं भी शुरू हो गई है। परीक्षा को लेकर सभी परीक्षा केन्द्रों में व्यापक तैयारी की गई थी। परीक्षा केन्द्रों के भीतर केवल आवश्यक सामग्री के साथ ही प्रवेश दिया गया। वहीं अतिरिक्त सामग्री बैग और अन्य चीजे परीक्षा केन्द्रों के बाहर रखवाई गई।

सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने कहा कि पेपर ठीक आया था, लेकिन प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए समय काम पड़ा। कुछ परीक्षार्थियों ने कहा कि हिंदी का पेपर होने की वजह से उन्होंने लगभग सारे प्रश्नों को हल किया है।

बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने जिला और विकासखंड स्तर पर बनाए गए लगभग 8 उड़नदस्ता टीम ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान कहीं भी नकल संबंधित प्रकरण सामने नहीं आया। डीईओ प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों में पहले दिन शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई।






### शुगरकेन हार्वेस्टर मशीन से हरा सोना गन्ना की कटाई

# ग्रामीण क्षेत्र के किसान भी आधुनिक तकनीकी खेती की ओर अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

कबीरधाम जिला कृषि प्रधान क्षेत्र के रूप में अपनी अलग पहचान रखता है। वहीं जिले में दो शक्कर कारखाने एवं लगभग सैकड़ों गुड़ फैक्ट्रियां संचालित हो रही हैं। इसी कड़ी में भोरमदेव शक्कर कारखाना द्वारा गन्ना कृषकों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शुगरकेन हार्वेस्टर मशीन की व्यवस्था की गई है, जिससे किसानों को आधुनिक तकनीक का लाभ मिल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक गन्ना कटाई छटाई का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। जहां एक ओर किसान और मजदूर पारंपरिक तरीके से हाथों से गन्ना काट रहे हैं, वहीं जिन किसानों को मजदूरों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, वे कारखाना प्रबंधन से संपर्क कर मशीन के माध्यम से कटाई करा रहे हैं।

ग्राम नाऊडीह के किसान अजय वर्मा ने बताया कि शुगरकेन हार्वेस्टर मशीन मात्र 2 घंटे में 1 एकड़ खेत की कटाई कर देती है। इससे समय और लागत दोनों की बचत होती है तथा अधिक मजदूरों की आवश्यकता भी नहीं पड़ती। उन्होंने बताया कि 4 फीट की दूरी पर लगाए गए सरकारी गन्ने की फसल अब पूरी तरह परिपक्व हो चुकी है, जिसकी कटाई मशीन द्वारा की जा रही है। फिलहाल यह कार्य प्रचार-प्रसार के रूप में निःशुल्क किया जा रहा है।

कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे नए शोध एवं आविष्कारों ने खेती को नई दिशा दी है। आधुनिक मशीनों और वैज्ञानिक पद्धति के उपयोग से अब ग्रामीण क्षेत्र के किसान भी तकनीकी खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस पहल से न केवल उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो रही है, बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है। किसानों के चेहरे पर मुस्कान और उत्साह साफ देखा जा सकता है। कृषि में हो रहे इन सकारात्मक बदलावों ने यह सिद्ध कर दिया है कि आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक सोच के साथ खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदला जा सकता है।

**गन्ना किसानो के लिए अभिनव व सराहनीय पहल**



जिले के गन्ना उत्पादक किसानों के लिए जिला प्रशासन की अभिनव पहल वरदान साबित हो रही है। प्रदेश की पहली अत्याधुनिक गन्ना हार्वेस्टर मशीन उपलब्ध कराई गई है। इससे जिले में गन्ना कटाई की प्रक्रिया तकनीक आधारित और अधिक दक्ष हो गई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कृषि के क्षेत्र में नित नए नए आधुनिक व अविष्कार से कृषकों की आर्थिक स्थिति को सुव्यवस्थित करने में सराहनीय पहल किया गया है। हार्वेस्टर मशीन द्वारा गन्ना कटाई छटाई से किसानों को पैसा व समय की दोनों की बचत होने से क्षेत्र के किसानों में भारी उत्साह व खुशी का माहौल बना हुआ है। यह पहल जिले में कृषि यंत्रीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# बोड़ला-सुकवापारा में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ



■ आसपास क्षेत्र में श्रद्धालुओं में भारी भक्तिमय का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

बोड़ला क्षेत्रातंर्गत ग्राम सुकवापारा में विगत तीन वर्षो से आयोजित किए जा रहे श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं पर्वतदान महोत्सव का इस वर्ष भी श्रद्धा-भक्ति और वैदिक विधि-विधान के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। पंचांग पूजन के पश्चात निकाली गई विशाल कलश यात्रा में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी माताएं-बहनों की अपार सहभागिता ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और राममय बना दिया। कलश यात्रा में महिलाओं की लंबी कतार, भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ निकली शोभायात्रा ने पूरे ग्राम को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था।

यह समर्पण और धर्मनिष्ठा पूरे जिले एवं क्षेत्र के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय बना हुआ है। महायज्ञ में प्रधानाचार्य आशीष कुमार शास्त्री की विशेष उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। उन्होंने यजमान परिवार के समर्पण की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। यज्ञाचार्य पंडित प्रकाश शास्त्री एवं पंडित धर्मेंद्र शास्त्री के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ अनुष्ठान संपन्न हो रहा है। प्रधानाचार्य आशीष कुमार शास्त्री की गरिमामयी उपस्थिति में 21 से 27 तक श्रीराम कथा का अमृत प्रवाह व रामानंदाचार्य धीरेन्द्राचार्य महाराज के श्रीमुख से श्रीराम कथा का अमृत रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। कथा के माध्यम से धर्म, मर्यादा और आदर्श जीवन मूल्यों का संदेश दिया जाएगा। वहीं मुख्य यजमान अयोध्या, गोमती एवं चित्रलेखा विराजमान है। श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ में आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

## होली से पहले किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल की अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान

**हरिभूमि कवर्धा।** राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि का भुगतान होली पर्व से पूर्व एकमुश्त किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मंत्री परिषद की बैठक में लिए गए इस निर्णय से प्रदेश भर के किसानों में उत्साह और हर्ष व्याप्त है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के इस किसान हितैषी निर्णय का स्वागत करते हुए कबीरधाम जिले के ग्राम मोटियारी निवासी किसान मेलनराम जायसवाल ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उन्होंने लगभग 212 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा है, जिसकी राशि उन्हें प्राप्त हो चुकी है। अब अंतर की राशि होली से पहले मिलने की घोषणा से वे अत्यंत खुश हैं। उन्होंने कहा कि होली के बाद सीजन प्रारंभ हो जाएगा, ऐसे में यह राशि पारिवारिक आवश्यकताओं और सामाजिक दायित्वों के कार्य में सहायक होगी।

**खबर संक्षेप**

### नौ दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण व श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**कवर्धा।** ग्राम नवघटा में नौ दिवसीय 20 से 28 फरवरी तक श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ व संगीतमय श्रीमद् भावगत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्राम नवघटा सहित आसपास क्षेत्र के भक्तजनों की भारी भीड़ कथा सुनने उमड़ रही है। बताया जाता है कि क्षेत्र में श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ व श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के आयोजन से आसपास क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। वहीं भक्तजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रीलक्ष्मी नारायण की पूजा अर्चनाकर क्षेत्र व परिवार के सुख-शांति की कामना कर श्रीमद् भागवत कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर है, जिसमें भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

# सैहामालगी में श्रीशिव महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ, उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

धर्म नगरीय ग्राम सैहामालगी में नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ 19 से 27 फरवरी तक आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया, जो कि पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण व शिवमय हो उठा। इस धार्मिक आयोजन के आयोजक शिक्षक रामजी चंद्रवंशी एवं सपरिवार द्वारा स्वर्गीय पिता खोरबहरा राम चंद्रवंशी, स्व. माताजी श्रीमती धनमत देवी चंद्रवंशी, स्व. जोधराम चंद्रवंशी एवं पत्नी स्व. कुंती देवी चंद्रवंशी तथा स्व. सीताराम चंद्रवंशी की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। साथ ही स्व. जोधराम चंद्रवंशी के वार्षिक श्राद्ध के पावन अवसर पर यह कथा आयोजित की गई है। श्रीशिव महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस पर भव्य बाजा-गाजा के साथ नगर भ्रमण करते हुए कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें नगर के मुख्य चौंक चौराहों से होते हुए कलश यात्रा श्रीशिव महापुराण स्थल पहुंची।




वहीं कथा व्यास विकासानंद महाराज काशी वाले के मुखारविंद से श्रीशिव महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का अमृतमय प्रवचन से भक्तजनों को कथा रसपान कराया। जिसमें उन्होने बनाया कि देवराज नामक ब्राम्हण एवं बिंदुक ब्राम्हणी की कथा का अत्यंत सुंदर और भक्तिमय वर्णन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। वहीं ग्रामवासियों ने श्रीशिव महापुराण कथा को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है, यह आयोजन क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरण और पारिवारिक एकता का संदेश दे रहा है।

# जिले के हजारों सतनामी समाज गिरौदपुरी तीन दिवसीय मेला में होंगे शामिल, उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्थित पवित्र स्थल गिरौदपुरी धाम में इस वर्ष-2026 आयोजित होने वाले भव्य गुरु दर्शन एवं संत-समागम तीन दिवसीय सतनाम मेला में शामिल होने के लिए कबीरधाम जिले और प्रदेश भर से हजारों की संख्या में सतनामी समाज के अनुयायी और श्रद्धालु पहुंचेंगे। यह तीन दिवसीय सतनाम मेला 22 से 24 फरवरी तक आयोजित होगी, जिसमें सतनाम समाज के अनुयायियों की अपार भीड़ जुटेंगें। इस तीन दिवसीय मेले में संत शिरोमणि गुरुघासीदास की जन्मस्थली और तपोभूमि पर सतनाम धर्म के अनुयायी मनखे-मनखे एक समान, सभी मानव एक समान हैं का संदेश लेकर एकत्रित होते हैं। बताया जाता है कि गिरौधपुरी में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने 30 से अधिक स्थानों पर पार्किंग, 24 घंटे सुरक्षा, 1182 पुलिसकर्मी, साफ-सफाई और चिकित्सा 10 एम्बुलेंस, चिकित्सा शिविर की चाक-चौबंद व्यवस्था की है। यहां बताना लाजिमी होगा कि विश्व प्रसिद्ध 277 फीट ऊंचे जैतखाम के दर्शन और गुरु दर्शन के लिए दूर-दूराज से पदयात्राएं (जैसे कि रायपुर से गिरौदपुरी पदयात्रा) निकल रही हैं, जिसमें मंत्री और धर्मगुरु भी शामिल होगें। समाज के अनुयायियों ने बताया कि गिरौदपुरी धाम न केवल सतनाम पंथ का सबसे बड़ा तीर्थ स्थल है, बल्कि यह क्षेत्र में सामाजिक समरसता और एकता का सबसे बड़ा केंद्र भी माना जाता है।



# भाजपा महिला मोर्चा कवर्धा ने सेवा, संस्कार और समर्पण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी तिवारी के नेतृत्व में जिला महिला मोर्चा की बहनों ने प्रातःकाल समनापुर स्थित शनि मंदिर समनापुर प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। एक वृक्ष-एक जीवन की भावना के साथ लगाए गए पौधे मुख्यमंत्री के दीर्घायु, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना के प्रतीक बने। तत्पश्चात महिला मोर्चा की समस्त बहनों ने पवित्र भोरमदेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का सामूहिक अभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया। वैदिक मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ प्रदेश की सुख-समृद्धि, विकास और मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई। पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की बहनों ने वृद्धा आश्रम पहुंचकर निवासरत माताओं एवं बुजुर्गो को फल वितरण किया तथा उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। इस सेवा कार्य के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि सेवा और संस्कारों से जुड़ा एक परिवार है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जीवन संघर्ष, सादगी और जनसेवा की प्रेरणा देता है। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिल रही है। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी तिवारी, श्रीमती नीतू शर्मा, श्रीमती सीमा केशरवानी, श्रीमती एकता चौरसिया, श्रीमती ज्योति केशरवानी, श्रीमती विजया शर्मा, श्रीमती श्रद्धा चंद्रवंशी, श्रीमती सीमा खांडे, श्रीमती प्रेमलता साहू, श्रीमती अरुणा सोनी सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता बहनों



## कंझेटा एवं मोहगांव में बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** कंझेटा एवं मोहगांव क्षेत्र में बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही हैं। परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव (केंद्र क्रमांक 16) में कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षा शुक्रवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुई। प्रथम दिवस की परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलानसरी से कुल 89 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलानसरी, लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल रैतापारा तथा स्वामी विवेकानंद हाईस्कूल पलानसरी से कुल 179 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा, कंझेटा परीक्षा केंद्र में 12वीं कक्षा (कला एवं विज्ञान संकाय) की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जिसमें कुल 83 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सभी परीक्षार्थी उपस्थित थें तथा कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। जिस पर वार्षिक परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराकर आगामी आदेश तक सभी प्रकार के ध्वनि विस्तार यंत्रों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## जिले के 14 मंडल में किया गया हितग्राही सम्पर्क एवं सम्मान अभियान



**हरिभूमि कवर्धा।** 21 फरवरी को छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के आदेशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी व भाजयुमो जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय के नेतृत्व में हितग्राही सम्पर्क एवं सम्मान अभियान पौधरोपण व अस्पतालो मे फल वितरण कर जिले के 14 मंडल में किया गया, जिसमें पिपरिया मण्डल, भोरमदेव मण्डल, बोड़ला मण्डल, पाण्डातराई मण्डल एवं कवर्धा शहर मण्डल मे सफाई कर्मचारीयों का स्वागत कार्यक्रम तत्पश्चात शासकीय उचित मूल्य की दुकान (सोसायटी ) में चांवल उत्सव का कार्यक्रम एवं अन्य लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन के लाभार्थी महिलाओ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की बधाई दिया साथ ही साथ लाभार्थियों को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र दिया गया। उक्त कार्यक्रम में राजेन्द्र चंद्रवंशी, मनीराम साहू, उमंग पाण्डेय, अमित चंद्रवंशी, अश्वन साहू, नितीश चंद्रवंशी, अमित वर्मा, दुर्गेश दुबे, नरोत्तम साहू, मनहरण कौशिक, रामविलास चंद्रवंशी, योगेश चन्द्रवंशी, डोनेश ठाकुर सहित सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

**न्यायालय नायब तहसीलदार 02 कुकदूर, जिला- कबीरधाम (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. .............................. ब-121/ वर्ष 2025-26

आवेदक रवनू सिंह पिता शोभाराम जाति बैगा निवासी ग्राम भेडागढ़ तहसील कुकदूर जिला कबीरधाम (छ०ग०)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम भेडागढ़ प.ह.नं. 06 को सूचित किया जाता है कि आवेदक रवनू सिंह पिता शोभाराम जाति बैगा निवासी ग्राम भेडागढ़ तहसील कुकदूर जिला कबीरधाम के द्वारा तहसीलदार कुकदूर के समक्ष इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हूँ। कि मेरा भाई गौतर सिंह पिता शोभाराम का मृत्यु दिनांक 08/01/2021 को ग्राम भेडागढ़ में हुआ है, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान कि जावे।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 05/03/2026 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 19/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक - 19.02.2026
पेशी तिथि - 05.03.2026

मुहर

नायब तहसीलदार
कुकदूर

# भाजपा मण्डल कुण्डा ने मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर फल वितरण एवं पौधारोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा




भाजपा मण्डल कुण्डा ने छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णुदेव साय के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा मण्डल कुण्डा एवं भाजयुमो मण्डल कुण्डा ने फल वितरण एवं पौधरोपण कर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें भाजपा मण्डल कुण्डा मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी एवं युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मनहरण साहू के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुण्डा में मरीजों को फल वितरण किए एवं पौधरोपण कर सुशासन दिवस के रूप मनाया गया। इस अवसर पर बालमुकुंद चंद्रवंशी, मनहरण साहू, कृष्णा चंद्राकर, महेंद्र धृतलहरे, दिनेश चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, पुरषोत्तम निर्मलकर, देवेंद्र चंद्रवंशी, रामेश्वर साहू, रमन खनूजा, शशांक शर्मा, प्रताप सेन, राजू श्रीवास्तव, गणेश सोलंकी, साहेब लाल सोनवानी, सूरज यादव, मोहन चंद्राकर, जितेंद्र निर्मलकर, स्कंध वैष्णव, हनुमान दास वैष्णव सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता ओबीसी मोर्चा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।



**खबर संक्षेप**

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 आगामी 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए कबीरधाम जिले में 05 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 2220 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा में शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने तथा अभ्यर्थियों द्वारा अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर अधिकारियों को सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन अभ्यर्थियों के नाम,सरनेम तथा फोटो पहचान पत्र में किसी भी प्रकार का अंतर है वे अपने नाम परिवर्तन संबंधी शपथ पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करने पर ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

## शोध निर्देशक के लिए आवेदन 6 मार्च तक

**कवर्धा।** कवर्धा दुर्ग के हेमचंद विवि ने शोध निर्देशक के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। इसमें अलग-अलग 19 विषय शामिल हैं। बताया गया है कि उपरोक्त विषय में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 6 मार्च है।

**एसआईआर : मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के पदाधिकारियों को प्रदान की गई मतदाता सूची**

# जिले की निर्वाचक नामावली का किया गया अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी कार्यक्रम की घोषणा की गई। जारी कार्यक्रम अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 28 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में एसआईआर का कार्य किया गया। इस दौरान 671601 मतदाताओं में से गणना पत्रक भराए जाने के लिए बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे किया गया। जिनमें से 67830 मतदाताओं का गणना पत्रक प्राप्त नहीं होने से इनका नाम विलोपित कर 23 दिसंबर 2025 को प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत नो मैपिंग एवं लॉजिकल एरर वाले मतदाताओं को नोटिस जारी कर दस्तावेज सत्यापन किया गया। दस्तावेज सत्यापन उपरांत निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन आज 21 फरवरी 2026 को किया गया।

**अंतिम प्रकाशन के बाद दोनो विधानसभाओं के मतदाताओं का विवरण जारी**



विधानसभा क्षेत्र 71-पण्डरिया में कुल भाग संख्या 423, प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 के अनुसार मतदाता 294088, जारी किए गए नोटिस 105569 है। अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 के अनुसार मतदाता 296457, जेंडर रेशियों 956, इपी रेशियों 54.66, नो मैपिंग वाले मतदाता 2067, लॉजिकल एरर 103502, अन्य मतदाता 188519, वरिष्ठ नागरिक 85 वर्ष से अधिक 1226, युवा मतदाता 18-19 वर्ष 3123, दिव्यांग मतदाता 3375, 100 वर्ष से अधिकआयु के मतदाता 30 एवं सेवा निर्वाचक की संख्या 80 है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 72-कवर्धा में कुल भाग संख्या 447, प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 के अनुसार मतदाता 309683, जारी किये गये नोटिस 112048 हैं। अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 के अनुसार मतदाता 311460 जेंडर रेशियो 987, इपी रेशियो 53.92, नो मैपिंग वाले मतदाता 1635, लॉजिकल एरर 110413, अन्य मतदाता 197635, वरिष्ठ नागरिक 85 वर्ष से अधिक 850, युवा मतदाता 18-19 वर्ष 4128, दिव्यांग मतदाता 2868, 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता 18 एवं सेवा निर्वाचक की संख्या 67 है। विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के दौरान दिनांक 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्ति विधानसभा क्षेत्र 71 पण्डरिया में 2461 फार्म-6, 300 फार्म-7, 358 फार्म-8 का प्राप्त हुआ है। जिसमें से मतदाता सूची में 2000 फार्म-6, 19 फार्म-7, 231 फार्म-8 अपडेट हुआ तथा 461 फार्म-6, 281 फार्म-7, 127 फार्म-8 आवेदन अस्वीकृत हुआ। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 72-कवर्धा में 2715 फार्म-6, 294 फार्म-7, 744 फार्म-8 का प्राप्त हुआ है। जिसमें से मतदाता सूची में 2454 फार्म-6, 51 फार्म-7, 619 फार्म-8 अपडेट हुआ तथा 261 फार्म-6, 243 फार्म-7, 125 फार्म-8 आवेदन अस्वीकृत हुआ। आयोग के निर्देशानुसार गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया गया। जिले के विधानसभा क्षेत्र 71-पण्डरिया एवं 72-कवर्धा के अन्तर्गत आने वाले सभी 870 मतदान केन्द्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूची की एक-एक सेट हार्डकापी एवं फोटोरहित मतदाता सूची की साफ्टकापी जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के पदाधिकारियों को प्रदान किया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र पैकरा, एसडीएम पंडरिया संदीप ठाकुर, निर्वाचन सुपरवाइजर श्री चंद्राकर, राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत रूसे के सचिव को हटाने पंच व ग्रामीण लामबंद



- कलेक्टर से की शिकायत, कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

ग्राम पंचायत रूसे में पदस्थ पंचायत सचिव के स्थानांतरण के बावजूद प्रभार नहीं सौंपे जाने को लेकर पंचायत के पंचगण एवं ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। सचिव को हटाने और नवीन प्रभारी सचिव को कार्यभार दिलाने की मांग को लेकर बुधवार, 18 फरवरी 2026 को बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर गोपाल वर्मा को ज्ञापन सौंपा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार्यालय जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा 11 फरवरी 2026 को आदेश क्रमांक 258/पंचा./सचिव स्था./2026 जारी कर प्रशासनिक व्यवस्था एवं कार्य संचालन की दृष्टि से ग्राम पंचायत रूसे के सचिव का अन्य पंचायत में स्थानांतरण कर दिया गया था। आदेश के तहत नवीन प्रभारी सचिव के रूप में उत्तरा कुर्रे की पदस्थापना की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद भी पूर्व सचिव द्वारा प्रभारी सचिव उत्तरा कुर्रे को विधिवत प्रभार नहीं सौंपा जा रहा है। इसके चलते ग्राम पंचायत के जनसामान्य से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं और विकास कार्यों की गति थम गई है। प्रमाण पत्र, पेंशन, निर्माण कार्य एवं अन्य शासकीय योजनाओं से संबंधित कार्य लंबित पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति से आक्रोशित पंचगणों एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर से शीघ्र हस्तक्षेप कर प्रभारी सचिव को प्रभार दिलाने की मांग की है, ताकि ग्राम पंचायत रूसे में अवरुद्ध विकास एवं जनसाधारण से जुड़े कार्य पुनः सुचारु रूप से प्रारंभ हो सकें। ज्ञापन सौंपने के दौरान पंचों सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## मवेशी तस्करी करते फिर दो तस्कर गिरफ्तार, तीन मवेशी जब्त



- बोलेरो पिकअप वाहन से अवैध तस्करी करते आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र से मवेशियों की तस्करी लगातार जारी है। वहीं पुलिस प्रशासन भी ग्रामीणों और गौ रक्षकों की सूचना पर इन तस्करों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है लेकिल बावजूद इसके तस्करों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं और वे लगातार तस्करी कर रहे हैं।

यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी हाल ही में बोड़ला पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर दो मवेशी तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 13 नग भैंस और भैंसा बरामद किए थे। अब इसी कड़ी में बोड़ला पुलिस ने पुनः दो मवेशी तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन नग मवेशी बरामद किए है। बताया जाता है कि पुलिस ने मवेशी तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए बोलेरो पिकअप वाहन में अवैध रूप से मवेशी ले जा रहे आरोपियों को पकड़ा गया है।

इस दौरान 03 नग भैंसों को तस्करों के कब्जे से मुक्त कराकर सुरक्षित रूप से गौशाला भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात लगभग 12.30 बजे थाना बोड़ला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि तहसील कार्यालय बोड़ला की ओर से एक बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 28 एन 1768 में मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर चोरी-छिपे ले जाया जा रहा है। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जबकि अन्य आरोपी मौके पर उपस्थित मिले। पुलिस ने गिरफ्त में आरोपी चन्द्रशेखर गोयल पिता ओमप्रकाश गोयल निवासी अमलडीहा थाना पण्डरिया जिला कबीरधाम तथा लक्की उर्फ संदीप टंडन पिता सुखहरण निवासी डेरहाकांपा थाना लालपुर जिला मुंगेली से पूछताछ करने पर फरार वाहन चालक का नाम दीपू बघेल पिता होरीलाल निवासी ग्राम परसाकापा थाना लालपुर जिला मुंगेली बताया गया।

आरोपियों द्वारा मवेशियों को कत्लखाना में सप्लाई करने जबलपुर की ओर ले जाया जा रहा था।

**छत्तीसगढ़ पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई**

इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रुपक शर्मा के निर्देशन में उप निरीक्षक प्रहलाद चन्द्रवंशी, प्रधान आरक्षक 368 मनोज महोबिया, प्रधान आरक्षक 422 नन्हे नेताम, प्रधान आरक्षक 453 उमाशंकर नाग एवं थाना बोड़ला के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी प्रबंध कार्यकारिणी की राज्य स्तरीय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी की महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय बैठक राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के सभागार में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता सोसायटी के चेयरमैन तोमन साहू ने की। बैठक में वाइस चेयरमैन रूपेश पाणिग्रही कोषाध्यक्ष संजय पटेल, बालाराम साहू प्रबंध समिति सदस्य, सचिव रूपल पुरूहित सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक में जिला रेडक्रॉस समितियों के गठन, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, सदस्यता विस्तार, सेवा गतिविधियों के प्रभावी संचालन तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक जिले में रेडक्रॉस की इकाइयों को सक्रिय एवं सशक्त बनाते हुए स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, रक्तदान,



प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण तथा सामाजिक जागरूकता अभियानों को गति प्रदान की जाएगी। प्रबंध कार्यकारिणी में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के उपरांत छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी की नवगठित प्रबंध समिति के सदस्यों ने राजभवन (लोकभवन) में राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी की वर्तमान गतिविधियों, उपलब्धियों तथा भावी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। राज्यपाल ने रेडक्रॉस की सदस्यता बढ़ाकर अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन की सेवा गतिविधियों को नई ऊर्जा और व्यापक विस्तार मिलेगा। साथ ही उन्होंने सिकल सेल बीमारी की रोकथाम के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने, विशेषकर आदिवासी एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## मौसम के बदले मिजाज से बढ़ी चिंता, रबी फसल और खुले में रखे धान पर मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में इन दिनों मौसम का बदला हुआ स्वरूप किसानों और समिति प्रबंधकों की चिंता का कारण बन गया है। एक ओर जहां अंचल के खेतों में गेहूं, चना, तिवरा, मटर, मसूर सहित विभिन्न रबी फसलें लहलहा रही हैं, वहीं उद्यानिकी फसलों में केला, पपीता, साग-भाजी की भी अच्छी पैदावार देखने को मिल रही है। किसान अपनी मेहनत और उम्मीदों के सहारे बेहतर उत्पादन की आस लगाए बैठे हैं, लेकिन फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में मौसम की बदलती तासीर ने उनके माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। जिले के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों सुबह सूर्योदय से पहले हल्की ठंड का एहसास हो रहा है, जबकि सूरज निकलने के बाद तेज धूप खिल रही है। इसके साथ ही आसमान में छाए बादल मौसम की अनिश्चितता का संकेत दे रहे हैं। शनिवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में दिनभर बादलों की ओट से सूर्यदेव की लुका-छिपी चलती रही। इस बदले हुए मौसम को देखकर किसानों को आशंका सता रही है कि कहीं फिर से बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि उनकी मेहनत पर पानी न फेर दे। कबीरधाम जिले का मौसम हर वर्ष फरवरी-मार्च में अचानक करवट लेता रहा है। पूर्व वर्षों में इस अवधि के दौरान हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि से रबी फसलों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। इस बार भी यदि ऐसी स्थिति बनती है तो गेहूं और चना जैसी तैयार फसलें खेतों में ही प्रभावित हो सकती हैं। फसल पकने के अंतिम चरण में है, ऐसे में तेज हवा, बारिश या ओले गिरने से उत्पादन और गुणवत्ता दोनों पर विपरीत असर पड़ सकता है। इधर, किसानों के साथ-साथ सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधकों की चिंता भी कम नहीं है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदा गया लाखों क्विंटल धान कई स्थानों पर खुले आसमान के नीचे अस्थायी व्यवस्था में रखा गया है। मौसम में नमी बढ़ने या बारिश होने की स्थिति में धान के खराब होने का खतरा बना हुआ है। यदि उचित ढंग से सुरक्षा प्रबंध नहीं किए गए तो सरकारी खरीदी की यह उपज भी प्रभावित हो सकती है, जिससे आर्थिक क्षति की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। किसानों का कहना है कि वे अपनी फसल को लेकर हर पल आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। कई किसान खेतों में पानी की निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कर रहे हैं, ताकि संभावित बारिश की स्थिति में फसल को बचाया जा सके। वहीं समिति स्तर पर भी धान को सुरक्षित रखने के लिए तिरपाल और अन्य वैकल्पिक उपायों की चर्चा हो रही है। फिलहाल जिले में मौसम पूरी तरह साफ नहीं है और बादलों की आवाजाही जारी है। ऐसे में सभी की निगाहें आगामी दिनों के मौसम पर टिकी हुई हैं। यदि मौसम सामान्य रहा तो किसानों की मेहनत रंग लाएगी, लेकिन यदि प्रकृति ने फिर करवट ली तो अंचल के अन्नदाताओं को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है।

**125 दिनों के रोजगार से विकसित भारत का मार्ग होगा प्रशस्तः उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा**

**कवर्धा।** विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत तरेगांव जंगल में गत दिवस अयोजित हुए जिला स्तरीय किसान सम्मेलन के दौरान किसानों एवं ग्रामीणों को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के फायदे बता कर योजना का लाभ लेने उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग विजय शर्मा द्वारा प्रोत्साहित किया गया। किसानों एवं ग्रामीणों को बताया गया की 1 अप्रैल 2026 से नई योजना में अब प्रत्येक पंजीकृत परिवारों को 125 दिनों का रोजगार मिलेगा, प्रत्येक सप्ताह मजदूरी भुगतान होगी, गांव के विकास की रूपरेखा ग्राम सभा स्वयं तय करेगी, गांव में आवश्यकता अनुसार अधोसंरचना विकास का कार्य पूरा होगा तथा जल संरक्षण, आजीविका, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं को कौशल से जोड़ने विभिन्न कार्य योजना के तहत काम होगा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किसान सम्मेलन में उपस्थित ग्रामीणों को संदेश देते हुए आगे कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना से जुड़कर विकसित भारत 2047 का सपना साकार होगा और हम सब के संयुक्त प्रयास से शहर से लेकर गांव तक एवं वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक योजना से स्थानीय समुदाय लाभान्वित होगी। उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणो एवं किसानों को योजना अंतर्गत आजीविका डबरी का निर्माण करने के फायदे बताएं। आजीविका डबरी के निर्माण से रोजगार मिलना, मजदूरी भुगतान होना, डबरी बन जाने पर बड़ी मात्रा में जल संरक्षण होकर भू-जल स्तर में वृद्धि होना बताया गया। इसके साथ ही आजीविका डबरी में मत्स्य पालन विभाग की सहायता से सहयोग मिल रहा है।

## होली की तैयारी...



कवर्धा। बसंत ऋतु के प्रमुख त्यौहार होली को लेकर अब तैयारियां तेज हो गई है। कवर्धा सहित अंचल में की जा रही होलिका दहन के लिए उत्साही बच्चों व युवाओं द्वारा लकड़ी आदि जुटाया जा रहा है। वहीं कई होलिका दहन समितियों द्वारा इसके लिए बकाया चंदा भी एकत्र किया जा रहा है।

**स्कूटी पाकर लाभार्थियों में हर्ष, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति जताया आभार**

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की तत्परता से दो दिव्यांगों को मिली स्कूटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने विधायक कार्यालय कवर्धा में दो दिव्यांग लाभार्थियों को स्कूटी का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम अमरौडी निवासी धरम सिंह पटेल और ग्राम खिरसाली निवासी उलख राम पटेल को स्कूटी की चाबी सौंपकर उन्हें शुभकामनाएँ दीं। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके दैनिक जीवन को सुगम करना है। स्कूटी मिलने से लाभार्थियों को आवागमन में सुविधा होगी तथा वे अपने कार्यों को स्वतंत्र रूप से कर सकेंगे। इस अवसर पर धरम सिंह पटेल ने बताया कि वे विद्युत विभाग में ऑपरेटर का कार्य करते हैं। पहले उन्हें कार्य में जाने में बहुत असुविधा हुआ करती थी आवश्यक गतिविधियों के लिए आवागमन में किसी पर निर्भर रहना पड़ता था, अब स्कूटी मिल जाने से वे अपने अनुसार कार्य पर जा आ सकेंगे। उलख राम पटेल ने बताया कि वे कपड़े सिलने का कार्य करते हैं ऐसे में स्कूटी मिल जाने से उन्हें अपने कार्य में बहुत आसानी होगी। दोनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई कर आज उन्हें स्कूटी उपलब्ध कराई गई जिससे वे खुश हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दोनों को वाहन चलाने का भी अभ्यास करवाया और दोनों का स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, सामाजिक समावेशन और आत्मनिर्भरता के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का लक्ष्य समाज के प्रत्येक वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ना है, ताकि सभी नागरिक सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। उल्लेखनीय है कि अब तक उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की पहल से 100 से अधिक दिव्यांग लोगों को सहायक उपकरण लगे स्कूटी प्रदान की गई है। इस अवसर पर राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के सदस्य भगतराम पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, नरेन्द्र मानिकपुरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, भुखन साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, विजय पाटिल रवि राजपूत, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, श्रीमती विजय लक्ष्मी तिवारी, लाला राम साहू सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सिंगारपुर जंगल में विदाई समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंगारपुर जंगल में गत दिनो स्कूल में पदस्थ शिक्षक रामप्रसाद शर्मा को पदोन्नति पश्चात प्रधान पाठक पद पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला महराटोला के सम्मान में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शाला समिति माध्यमिक शाला सिंगारपुर के अध्यक्ष, सदस्यों के साथ प्राथमिक शाला सिंगारपुर के शिक्षकगण, पालकगण तथा माध्यमिक शाला व हाई स्कूल बड़ौदा कला के शिक्षक साथी भी उपस्थित थे। साथ ही माध्यमिक शाला महराटोला से वरिष्ठ शिक्षक भागवत कौशिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात शाला के वरिष्ठ विद्यार्थियों कक्षा आठवीं के




छात्र छात्राओं को कक्षा सातवीं और छठवीं के छात्र छात्राओं द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। कनिष्ठ छात्रों ने अपने वरिष्ठ छात्रों को भेंट स्वरूप फोल्डर दिया जो उनके आगामी समय के दस्तावेजों के संधारण में आवश्यक होंगे। मां शारदा की तेल चित्र पर माल्यार्पण व पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उपस्थित अतिथियों ने संस्था से किसी भी साथी की विदाई पर अपने गंभीर विचार रखे। इस क्षण को गम व खुशी के मिले जुले अनुभव वाला बताया, एक पल के लिए आंखे भी नम हो गई। बच्चों ने भी अपने विचार रखे। बच्चों ने विदाई संबंधी नृत्य से अपनी भावनाएं प्रस्तुत की। श्री शर्मा को शाल श्रीफल मोमेंटो व अन्य स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शाला के शिक्षक इशाक खान, सेवक साहू तथा मार्गदर्शन प्रधान पाठक शिवकुमार कामले ने की।